# इलाहाबाद नगर के चतुर्दिक परिवर्तित होने वाला नदी क्षेत्र - पर्यावरण

## [CHANGING ENVIRONMENT OF RIPARIAN TRACTS AROUND ALLAHABAD CITY]

इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के भूगोल विषय
की डी० फिल्० उपाधि हेतु
प्रस्तुत शोध - प्रबन्ध

निर्देशक
**डॉ० एस० एस० ओझा**
(उपाचार्य, भूगोल विभाग)
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

अनुसन्धाता
**अनिल शुक्ल**
(एम०ए०, एम० एड०)
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद

भूगोल विभाग
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
इलाहाबाद
2002

*डॉ० एस०एस० ओझा*

**भूगोल विभाग**
**इलाहाबाद विश्वविद्यालय,**
**इलाहाबाद।**

---

प्रमाणित किया जाता है कि अनिल शुक्ल ने मेरे निर्देशन मे – ***'इलाहाबाद नगर के चतुर्दिक परिवर्तित होने वाला नदी क्षेत्र – पर्यावरण।"*** विषय पर अपना शोध प्रबध पूरा किया और इन्होने विश्वविद्यालय मे नियमित रूप से उपस्थित रहकर अपने विषय के तथ्यो का सग्रह और उनका गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया। यह इनकी मूल उपलब्धि है।

मैं इस शोध प्रबध को परीक्षको के पास मूल्याकन हेतु प्रेषित करने की अनुमति देता हूँ।

SSOjha

दिनाक 4 नवम्बर 2002

**डॉ0 एस0एस0 ओझा**

शोध निर्देशक

# समर्पण

*निर्मल ममतामयी, माताजी*
*श्रीमती शान्ती शुक्ला*
*तथा*
*ईमानदारी स्वाभिमान एव धैर्य*
*के प्रतीक पूजनीय पिताजी*
*श्री राम विलास शुक्ल*
*ही मेरे आदर्श तथा मेरे जीवन के प्रेरणा स्रोत है।*
*इन्होने ही मुझे कठिन– से– कठिन परिस्थितियो मे*
*सयम पूर्वक सघर्षरत रहकर जीवन मे नयी*
*ऊँचाईयो को छूने एव निरतर सफलता*
*प्राप्त करने की प्रेरणा दी है।*
*इस शोध प्रबन्ध के रूप मे शोध का यह छोटा– सा*
*प्रयास माताजी एव पिताजी को*
*सादर समर्पित है।*

*– अनिल शुक्ल*

# आशीर्वाद

गुरुप्रवर एवं चाची जी

# *आभार*

मै सर्वप्रथम श्रद्धेय गुरूप्रवर **डा0 एस0एस0 ओझा जी,** रीडर, भूगोल विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रति श्रद्धावनत हूँ, जिनके सफल एव कुशल निर्देशन, स्थिर, धैर्य, कर्मठ व्यक्तितत्व एव सहयोग के कारण ही यह शोध कार्य पूर्ण हो सका। डॉ0 ओझा न अपने अत्यन्त व्यस्त क्षणों में भी इस शोध-प्रबन्ध को नित्य नवीन उपागमों और विविध आयामों के माध्यम से नई दिशा देने का सतत् प्रयास किया है। मै विभागाध्यक्ष ***प्रो0 सविन्द्र सिह*** का भी अर्न्तमन स आभारी हूँ, जिन्होंने रचनात्मक प्रेरणा एव शोध हेतु विभागीय सुविधा प्रदान की। इसके अतिरिक्त मै प्रो0 आर0सी0 तिवारी, प्रो0 कुमकुम राय, डा0 वी0एन0 मिश्रा, डा0 बी0एन0 सिह, डा0 मनोरमा सिन्हा एव डा0 आलोक दुबे भूगोल विभाग इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद का भी आभारी हूँ, जिन्होंने शोधकाल में सतत् सहायता, सुझाव एव उत्साहवर्धन किया।

मै अपनी माताजी, पिताजी, बडे भाई ***श्री आनन्द शुक्ल,*** छोटे भाई डा0 अजय शुक्ल, बडी बहन श्रीमती अर्चना दुबे ब्रदर-इन-ला श्री एस0के0 दुबे एव चाचा जी स्व0 शिव विलास शुक्ल, मामा जी, श्री सुरेश चन्द्र त्रिपाठी का विशेष रूप से आभारी हूँ, जिन्होंने शोध कार्य के समय मुझे पारिवारिक दायित्वों से मुक्त रखा एव शोधकार्य हेतु

सर्वदा प्रेरणा देते रहे। प्रस्तुत शोधकार्य उन्हीं के आशीर्वाद और स्नेह क। प्रतिफल है। मैं चाची जी ***श्रीमती सीता ओझा*** के साथ ही बहन कु0 मनोरमा ओझा एव अनुज आलोक एव आशुतोष ओझा का भी अन्तर्मन से आभारी हूँ। जिनका आशीर्वाद एव स्नेह मुझे शोध कार्य क दौरान सतत् प्राप्त हुआ एव जिन्होंने मनोवैज्ञानिक रूप से कठिन एव विपरीत परिस्थितियों में मेरा उत्साहवर्धन किया। जिससे मुझे शोधप्रबन्ध का पूर्ण करने की प्रेरणा मिली।

शोध कार्य हेतु प्राथमिक एव द्वितीयक ऑकडे एकत्र कराने में मेरे मित्रों ***श्री शशि भूषण पाण्डेय, श्री अशोक कुमार सिंह,*** *श्री चन्द्रशेखर वर्मा, श्री दिनेश कुमार केशरवानी, श्री आलोक श्रीवास्तव, श्री प्रमोद कुमार उपाध्याय, श्री विवेक त्रिपाठी, श्री ओम प्रकाश त्रिपाठी, श्री नामवर पाण्डेय, श्री शशिकान्त त्रिपाठी, श्री प्रदीप कुमार सिह, श्री बलराम सिह* एव गगा प्रदूषण नियन्त्रण इकाई इलाहाबाद (मम्फोर्डगज) में कार्यरत अधिशाषी अभियन्ता *श्री वाई0के0 द्विवेदी* एव *श्री राजू शुक्ला* (सभासद नगर निगम) का अपूर्णीय योगदान रहा। मैं इन सभी का सदा आभारी रहूँगा। भू-आकृति विज्ञान से सम्बन्धित विषय होने के कारण मेरे शोध कार्य में प्रत्यक्ष सर्वेक्षण की आवश्यकता पडी। इस सर्वेक्षण कार्य में सहयोग देने हेतु मैं अपने निर्देशक महोदय का आभारी हूँ साथ ही सर्वे कार्य तथा फोटो चित्र खींचने एव कठिन परिस्थितियों में उत्साहवर्धन हेतु

मैं एक बार पुन अपने बडे भाई *श्री आनन्द शुक्ल, श्री अशोक कुमार सिह, श्री शशि भूषण पाण्डेय **जी*** का हृदय से आभारी हूँ।

मैं उन सभी विद्वानों एव लेखको का भी अत्यन्त कृतज्ञ हूँ जिनके शोध-प्रबन्ध, निबन्ध, प्रपत्रों, पुस्तकों आदि का अनुशीलन करने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ। मैं शीघ्र एव त्रृटि रहित कम्प्यूटर टाइपिग हेतु ***खन्ना कम्प्यूटर केन्द्र*** के *प्रबन्धक श्री दिलीप खन्ना जी एव सहयोगी लालबहादुर सिह, **अब्दुल रफीक सिद्दीकी,** कृष्ण कुमार यादव, राकेश कुमार रावत* जी को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने अपना अमूल्य समय देकर मेरे इस शोध कार्य को पूर्ण कराया।

अन्त में मैं एक बार पुन॰ उन सभी विद्वानों, मित्रों अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ जिनके प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष सहयोग से मेरा यह शोध कार्य पूर्ण हो सका है।

Anil Shukla

04 नवम्बर, 2002 **( अनिल शुक्ला )**

(शुभ दीपावली)

# अनुक्रमणिका

पृष्ठ सख्या

ii) ढलवा भू-भाग

iii) घाटी क्षेत्र

iv) समतल निम्न भू-भाग

v) भूमिगत जल की स्थिति

vi) भूमि सरचना एव पाए जाने वाले पदार्थ

vii) जलप्रवाह

viii) बाढ

2 3 **अपवाह**

i) इलाहाबाद शहर में अपवाह व्यवस्था की आवश्यकता

ii) अपवाह व्यवस्था का नियोजन

2 4 **जलवायु**

i) ग्रीष्म ऋतु

ii) वर्षा ऋतु

iii) शीत ऋतु

2 5 **मिट्टी**

## मानचित्र/ग्राफ विवरण

# चित्र विवरण

| क्र0स0 | विवरण |
|---|---|
| 1 | फाफामऊ नाले के गगा में मिलने के स्थान पर गहराई मापता शोधकर्ता। |
| 2 | फाफामऊ नाले के गगा में मिलने से पूर्व गगा नदी द्वारा किया गया कटाव। |
| 3 | शिवकुटी नाले का गगा नदी में मिलने का फोटोचित्र। |
| 4 | शिवकुटी पक्का नाला द्वारा बहता हुआ गदा पानी, जो गगा नदी में जाता है। |
| 5 | चिल्ला नाले द्वारा बने बीहड को दिखाते निर्देशक एव शोधकर्ता। |
| 6 | चिल्ला नाले द्वारा बनाया गया बृहद् बीहड का फोटाचित्र। |
| 7 | गोविन्दपुर नाले से बनी एक गली (Gully) का फोटाचित्र। |
| 8 | शिवकुटी एव चिल्ला नाले द्वारा मिलकर बनाया गया गगा में मिलने से पूर्व डेल्टा चित्र। |
| 9 | फाफामऊ एव सादियाबाद के बीच गगा नदी द्वारा बनाये गये सबसे बडे कगार को मापते निर्देशक महोदय। |
| 10 | गोविन्दपुर के समीप गगा नदी में डूबा नन्हें मियाँ का ट्यूबवेल। |
| 11 | चिल्ला के पास बना एक बृहद् बीहड जो बस्ती के समीप तक गया है। |
| 12 | बिल्कुल बस्ती तक पहुँचा बीहड, शोधकर्ता एव निर्देशक के साथ खडे चिन्तामग्न स्थानीय लोग। |
| 13 | गोविन्दपुर का गन्दा नाला जो गगा नदी में मिलता है। |
| 14 | गगा नदी के कटान से बना कगार। |

| | |
|---|---|
| 15 | सलोरी वासिरों के गगा नदी में तैर कर दूसरे तट की तरफ जात जानवर। |
| 16 | प्रपात बनाकर गगा नदी में गिरता सलोरी का गदा नाला। |
| 17 | गगा नदी में बने कगार को दिखाते निर्देशक एव शोधकर्ता। |
| 18 | प्रस्तावित राष्ट्रीय जलमार्ग सख्या 1-A (फाफामऊ से सगम तक) को नौगम्य बनाने हेतु गहराई मापन के लिए नाव से निकलते निर्देशक एव शोधकर्ता। |
| 19 | सरकार के सहयोग से गगा नदी के कटान को रोकने का प्रयास करते स्थानीय समाजसेवी श्री देवानन्द शुक्ल। |

अध्याय-1

## 1.1 परिचय

### 1 1 (I) इलाहाबाद नगर का ऐतिहासिक परिचय

प्राचीन काल में इस शहर को 'प्रयाग' नाम से जाना जाता था। आज भी धार्मिक हिन्दू इसे बहुधा प्रयाग ही कहते हैं। यह प्रयाग नाम मात्र धार्मिक रूप में ही जाना जाता है, नगर के रूप में इस इलाहाबाद ही कहा जाताा है। प्रयाग नाम इस समय नगर के एक रेलव स्टेशन 'प्रयाग' के रूप में शेष है। एक कहावत के अनुसार ब्रह्मा द्वारा चारों वेदों को प्राप्त करने के सम्मान में देश अश्वों का बलिदान यहा पर किया गया था। तभी से इसे 'प्रयाग' नाम से जाना जाता है।

शब्दों की उत्पत्ति से प्रतीत होता है कि प्रयाग शब्द का प्रयोग यहा पर एक विशेष पशु बलि से है, जो यहा पर सम्पन्न हुयी थी। बहुत से पाश्चात्य लेखकों ने भी इस उपर्युक्त विचार को ही प्राथमिकता दी है। परम्परागत जनश्रुति के अनुसार अकबर के राज के समय प्रयाग नाम का एक ब्राह्मण था उसी के नाम पर इस शहर का नाम प्रयाग पडा। परन्तु इसकी पुष्टि किसी ऐतिहासिक लिखित प्रमाण स नही होती है। प्रयाग नाम बहुत पुराना है क्योंकि चीनी यात्री ह्वेनसाग जो इस नगर मे 7वीं सदी में आया था अपने विवरण में इस शहर का नाम प्रयाग ही दिया था। अत॰ स्पष्ट है कि इस शहर का प्रयाग नाम बहुत पुराना है।

# LOCATION MAP OF ALLAHABAD CITY

चित्र : 1.1

इलाहाबाद नाम मुगल सम्राट अकबर ने दिया। यह नाम इलाही धर्म से जोडा जाता है। अबुल फजल ने अपने विवरण में लिखा है- इलाहाबाद का प्राचीन नाम प्रयाग था जो अकबर के राज्यकाल में प्रसिद्ध हुआ।

अकबर सर्वप्रथम 1575ई0 में प्रयाग आया और इसकी सामरिक स्थिति से इतना प्रभावित हुआ कि यहा पर एक किला तथा नगर बसाने का आदेश दिया।

इलाहाबाद 1584ई0 तक प्रयाग नाम से जाना जाता था। 1584 में अकबर ने प्रयाग को 'इलाहाप्रवास' जिसका अर्थ 'ईश्वर का निवास है' है, उपाधि प्रदान की। यह शब्द आधा अरवी तथा आधा सस्कृत था जो बाद में फारसी मे बदलकर-इलाहाबाद हो गया।

इस बात के काफी साक्ष्य हैं कि 16वी0 सदी में अकबर ने इलाहाबाद नाम को काफी बढावा दिया फिर भी पुराने नाम के समक्ष यह नाम कल्पित ही लगता था। वास्तव में इस नगर के आस-पास के लोग शहर को प्राय आल्हावास ही समझते थे। कुछ लोग इस स्थान को मनु की पत्नी इला के नाम पर मानते हैं। परन्तु यह विचार ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित नही है।

इस प्रकार इसमें सदेह नही है कि प्रयाग को इलाहाबाद नाम अकबर ने ही दिया। यह ध्यान देने योग्य है कि प्रयाग नाम

जन-मानस के मस्तिष्क में इतना समा गया है कि दोनों नाम एक-दूसर के पर्याय बन गए हैं। धार्मिक विचार से शहर का नाम प्रयाग है, जो गगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के सगम पर बसा है। बीच में सरकार ने इलाहाबाद का नाम बदलकर 'प्रयागराज' कर दिया था परन्तु अब भी लोग इसे इलाहाबाद नाम से ही पुकारते हैं। यह नाम प्रयागराज तब तक नही बदल सकता जब तक कि सरकारी कार्यो में भी इसका नाम इलाहाबाद से बदलकर प्रयागराज न कर दिया जाय।

**प्राचीन कालः-**

इलाहाबाद एक महान पौराणिक स्थान है क्योंकि वैदिक काल के पूर्व से पुरातन धार्मिक आख्यानों में प्रयाग अपना अलग स्थान रखता है। प्रारम्भिक काल में ही गगा एव यमुना नदियों का सगम आर्यो की अन्वेषक ऑखों को आकर्षित करता रहा है। ये गगा की घाटी में बसने के उद्देश्य से आए थे। पुरातन प्रयाग पवित्र स्थान हिन्दुत्व के जन्म के समकालीन माना जाता है, जिसके साक्ष्य के रूप में अनेक धार्मिक ग्रन्थ एव लेख उपलब्ध हैं। आर्य जाति के प्रारम्भिक काल में ऋग्वेद में (1400ई0पू0) गगा -यमुना के सगम को अत्यधिक महत्व प्रदान किया गया। परन्तु सर्वप्रथम प्रयाग के बारे मे वर्णन बाल्मीकि रामायण में किया गया जिसकी रचना 1000ई0 पूर्व में की गई। इस महाकाव्य के अनुसार प्रयाग एक जगल के छोर पर स्थित था। जो श्रृग्वेरपुर से पूर्व की तरफ फैला है और इलाहाबाद से लगभग 22 मील दूर है। रामायण

में राम लक्ष्मण एव सीता के बन गमन के समय चित्रकूट के रास्ते में प्रयाग का वर्णन मिलता है। प्रयाग का वर्णन मनुस्मृति में भी मिलता हे जो 2000ई0पूर्व के लगभग रचित है। इसके अतिरिक्त प्रयाग का वर्णन महाभारत में भी है, जिसकी रचना ई0पूर्व चौथी सदी में हुई। हिन्द प्रयाग महाकाव्य में प्रयाग का वर्णन तीर्थ स्थान के रूप में है। पुराणों में प्रयाग का वर्णन प्राय पाया जाता है। मत्स्य, एव पद्म पुराण का एक भाग प्रयाग महात्म्य पर है। मत्स्य पुराण के अनुसार प्रयाग का विस्तीर्ण क्षेत्र 5 योजन है जो लगभग 45 मील के बराबर है। परन्तु पहले क सस्कृत के ग्रन्थ प्रयाग के राजनैतिक इतिहास पर कोई प्रभाव नही डालते। फिर भी इस तथ्य से इनकार नही किया जा सकता कि प्रयाग का महत्व पुराने पौराणिक ग्रन्थों में विस्तृत वर्णन नही है।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि प्रयाग को अत्यन्त पवित्र स्थान के रूप में भारतीय जनमानस में मान्यता आर्य सभ्यता के उद्भव के समय से प्राप्त है।

अर्द्ध ऐतिहासिक कथाओं एव परम्पराओ को पीछे छोडते हुए अगर हम प्राचीन भारतीय इतिहास के पन्नों को देखे तो छठी सदी ई0पू0 में प्रयाग वत्स राज्य के 16 महाजनपदों में एक था। कौशाम्बी वत्स राज्य की राजधानी थी जो इस समय इलाहाबाद से दक्षिण पश्चिम की तरफ नदी के किनारे कोसम गाव के रूप में 32 मील दूर एक पहाडी टीले पर स्थित है। वर्तमान में यह एक अलग जनपद हो गया

है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध इस स्थान को पवित्र किये थे। जव वे प्रयाग से गगा पार करके सीधे वरन्जा से वाराणसी गये थे।

जब चौथी सदी ई0पू0 में गगा घाटी के राज्य कोशल तथा वत्स चन्द्रगुप्त मौर्य द्वारा मगध राज्य में विलीन कर लिए गये तब प्रयाग मौर्य राज्य में आ गया। अशोक महान के अतिरिक्त किसी अन्य मौर्य राज्यवश का घनिष्ठ सम्बन्ध प्रयाग से नही था ऐतिहासिक स्तम्भ जो इस समय भी इलाहाबाद किले में स्थित है, एक मात्र साक्ष्य अशोक के इस नगर से घनिष्ट सबध को प्रदर्शित करने के लिए काफी है। जो उसके वास्तु कला एव सत्ता स्थायित्व प्रेम को प्रकट करता है। प्रथम सदी के अन्त में प्रयाग कुषाण शासन के अधीन आ गया। इस समय कनिष्क का शासन वाराणसी तक फैल गया। प्रयाग का राजनैतिक इतिहास तीसरी सदी में धूमिल रहा। चौथी सदी में प्रयाग गुप्त राजाओं के शासन मगध के अधीन आ गया। 326ई0 में समुद्रगुप्त मगध सिहासन पर आसीन हुआ। जिसकी विजयों का उल्लेख स्तम्भ पर खुदा है।चीनी यात्री फाहयान ने भारत की यात्रा चन्द्रगुप्त द्वितीय के समय में की थी। पाचवी सदी के प्रथम दशक में कौशाम्बी जाते समय वह प्रयाग आया। परन्तु दुर्भाग्य वश उसने प्रयाग के बारे में बहुत कम लिखा है।

प्रयाग मगध शासन के अर्न्तगत उत्तरी भारत में हूणों के आक्रमण के समय (छठी सदी का प्रारम्भ) तक था। हूणों ने गगा एव यमुना के किनारे बसे प्रमुख स्थानों को उजाड डाला। हूणों के आक्रमण

से मगध शासन का नाश प्रारम्भ हो गया। लगभग आधी सदी के बाद इसके पश्चिमी भाग में भौखाडी राज्य स्थापित हुआ। ईशान वर्मन (550–576ई0) ने हूर्णो को भगा दिया परन्तु सातवी सदी के प्रथम दशक में हर्षवर्धन जो थानेश्वर का था ने ईशान वर्मन को 606ई0 में हरा दिया और सम्पूर्ण उत्तरी भारत अपना साम्राज्य स्थापित किया। हर्षवर्धन के शासन काल में प्रसिद्ध चीनी यात्री ह्वेनसाग भारत आया जिसने प्रयाग के बारे में विस्तृत विवरण अपनी पुस्तक में दिया। उन्होंने लिखा कि राजधानी के दक्षिण एव पश्चिम तरफ एक स्तूप अशोक द्वारा बनवाया गया है। सगम पर देवा मन्दिर (शायद पाटल पुरी मदिर) शहर के मध्य तथा अक्षयवट है। उन्होंने कहा कि मैंने प्रयाग में धार्मिक कृत्यों को होते देखा। प्रयाग का महत्व विशेष रूप से तीर्थ यात्रियों द्वारा स्वेच्छा से प्राणाहुति देने, जमीन पर बालू की कणों में घेरा डाले सगम पर दान देने के लिए प्रति पाच वर्ष पर महाराजा हर्ष यहा आते थे। वे जो कुछ धन एकत्र किए रहते उसे गरीबों, धार्मिकों और याचकों को दान देते थे।

हर्ष की मृत्यु (648ई0) राजनैतिक सदेह और अन्धकार के बीच हुई। प्रयाग का इतिहास भी इनकी मृत्यु के पश्चात् आठवीं सदी तक अभेद्य अधकार के गर्त में चला गया। इसके उपरान्त प्रयाग पाल शासक गौड के अधीन हुआ तदुपरान्त गुर्जर प्रतिहार राजपूतों ने कान्नौज से प्रयाग पर शासन किया प्रयाग कन्नौज के आधीन तब तक रहा जब तक कन्नौज के राजा जयचन्द की 1194ई0 में मुसलमान शासक

शहाबुद्दीन के हाथों पराजय नही हो गई। प्रयाग के प्राचीन हिन्दूकाल क इतिहास का विश्लेषण करने से पता चलता है कि यह स्थान कभी भी राजकीय सरक्षण का केन्द्र नही रहा। इसका कारण प्रथम तो यह रहा कि यह कौशाम्बी (राजधानी) के समीप था। दूसरे यह कि बुद्धिस्टों को यह स्थान आकृष्ट नही कर पाया। इसी कारण बुद्धिस्ट राजाओं ने इसे प्राथमिकता नही दी और बाहरी बुद्धिस्ट यात्रियों से भी इसे वरीयता नही मिली। लेकिन जब बौद्ध धर्म का ह्रास प्रारम्भ हुआ तो कौशाम्बी का महत्व घटने लगा और प्रयाग का महत्व बढने लगा। ह्वेनसाग के आगमन (7वींसदी) के समय प्रयाग कौशाम्बी से बडा शहर हो चुका था। ध्यान देने योग्य है कि प्रयाग को पहली बार प्राचीन इतिहास में नगर का दर्जा प्राप्त हुआ।

**मुस्लिम कालः-**

मुगलों के प्रारम्भिक काल में प्रयाग की स्थिति नगण्य थी। जबकि मुगल काल में नये नाम इलाहाबाद के रूप में प्रयाग का महत्वपूर्ण स्थान हो गया। 12वीं सदी में मुहम्मद गोरी ने जब कडा मानिकपुर सूबा बनाया तो इलाहाबाद मुसलमानों के अधीन आ गया। प्रान्तीय गर्वनर की कडा में गद्दी स्थापित होना एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक घटना थी इसके फलस्वरूप किले का निर्माण हुआ। इस किले को पहले राजा जयचन्द ने बनवाया था। दो नदियों के सगम पर बसा प्रयाग जो उस समय जल परिवहन का उत्तम स्थान था मुस्लिम शासकों का ध्यान

आकृष्ट न कर सका। अकबर काल के पहले 13 वीं से 16 वीं सदी तक प्रयाग देश के राजनैतिक विकास के मुख्य धारा से अछूता एव सुसुप्तावस्था में रहा। यह समय प्रयाग के इतिहास का काला समय था। इस काल में विद्रोहियों द्वारा खून-खराबा होता रहा। कडा भी इस घटना से प्रभावित रहा।

मुगलों की स्थापना से 16 वी0 सदी के प्रथम चौथाई काल में एक नया अध्याय प्रारम्भ हुआ। यह समय विकास और उन्नति के समय के रूप में जाना गया। इसी समय शेरशाह द्वारा ***ग्राण्ड ट्रक रोड*** और उस पर जगह-जगह सराए भी बनाई गई। अकबर के शासन काल को प्रयाग का स्वर्णिम काल कहा जा सकता है। 16वीं सदी के तीसरे चतुर्थांश में अकबर जब विद्रोहियों को दबाने में व्यस्त था उसी समय वह प्रयाग की धरती पर कदम रखा। बहुत कुछ सभव है इसी समय उसके मन में सामरिक महत्व के उद्देश्य से किला बनाने का विचार आया होगा। अकबर के समय का प्रसिद्ध इतिहासकार अब्दुल कादिर बदायुनीं ने लिखा' 23वी AH 982 (1574ई0) को महामहिम अकबर का पदार्पण प्रयाग में हुआ जिसे लोग ***इलाहाबास*** कहते हैं, उसने गगा-यमुना के सगम पर शाही शहर बसाने की नींव रखी। जिसे उसने ***इलाहाबास*** कहा। इतिहासकार ने इस बात का भी वर्णन किया कि पवित्र सगम पर आए तो तीर्थयात्री गहरे पानी में कूद कर अपने प्राणोंत्सर्ग करते थे। शायद यह अक्षयवट था। उसी के समकालीन इतिहासकार निजामुद्दीन

अहमद ने जवाहती-ए-अकबरी में लिखा है कि "जिस समय *मिर्जा कॉ* गुजरात भेजे गए (1583 ई0) शहशाह ने गगा-यमुना के सगम पर एक किला तथा शहर का निर्माण किया जिसका नाम 'इलाहाबाद' रखा। शहशाह आगरा से नाव द्वारा प्रयाग आया और सुखपूर्वक चार माह बिताए।

इलाहाबाद शहर शीघ्रता से महत्व ग्रहण करता गया और अकबर के शासन के अतिम समय तक शहर बडा रूप ले चुका था। इस समय नाव बनाना एक महत्वपूर्ण उद्योग था। कहा जाता है यहा से नावें बना कर बडी मात्रा में नदी के माध्यम से समुद्र में भेजी जाती थी। किले का निर्माण पूर्ण हो जाने के बाद जौनपुर की बजाय इलाहाबाद सूबे की राजधानी हो गया और कडा अपना राजनैतिक महत्व खो चुका था।

जहा किला अकबर के इलाहाबाद की प्रगति लगाव एव सरक्षण की याद दिलाता है वहीं खुशरूबाग शहशाह जहागीर के सम्बन्धों को प्रकट करता है। अकबर के शासन काल में ही सलीम जो बाद में जहागीर नाम से जाना गया, इलाहाबाद का सूबेदार नियुक्त हुआ। वर्तमान खुशरूबाग का निर्माण उसी ने करवाया। इसी में उसके बेटे खुशरू का मकबरा है। इसी में उसकी मा और बहन का भी मकबरा है। अकबर और जहागीर के बाद अन्य किसी मुगल बादशाह का लगाव इलाहाबाद

से नही रहा परवर्ती मुगल बादशाहों के काल में यह शहर उन्नति नही कर सका। फिर भी एक फ्रासीसी यात्री ट्रेवरनियर के अनुसार 100 साल बाद 1665 में औरगजेब के समय इलाहाबाद बडा शहर था। यह कहा जाता है कि वह 1668 में अपने प्रवास के समय अपने पुत्र शम्भाजी के साथ आगरा से दारागज (इलाहाबाद) आया। 17वीं सदी के अतिम दशक में सिपाहदार खा इलाहाबाद का सूबेदार हुआ उसके नाम पर शहर के पश्चिमी छोर पर ग्राण्ड–ट्रक रोड पर सिपहदारगज (सूबेदारगज) बसाया गया।

18वीं सदी में इलाहाबाद मुगलों के सूबेदार के द्वारा शासित था लेकिन कमजोर प्रशासन, कुशासन, एव विद्रोह, के कारण स्थिति सदेहास्पद हो गई। इलाहाबाद शहर और सूबा दोनों अवध के नवाब वजीर सफदरजग के अधीन चला गया। अवध शासन (1743ई0) के अन्तर्गत इलाहाबाद मध्य भारत के लिए रूई के व्यवसाय का बहुत बडा केन्द्र हो गया। इस समय तक मराठा शक्तिशाली हो चले थे। पेशवा वाजीराव की अध्यक्षता में कई आक्रमण हुए। 1739 में इलाहाबाद नगर रघुजी भोंसलें के अधीन हो गया जो बाद में अवध के नवाब द्वारा विजित कर लिया गया। एक सफल युद्ध अभियान जो इलाहाबाद शहर पर फरूर्खाबाद के नवाब द्वारा वर्ष 1750–51 में हुआ से यह स्पष्ट हो गया कि अवध की शक्ति क्षीण हो चुकी है। पूरा शहर खुल्दाबाद से किला तक जलाकर राख कर दिया गया। केवल शेख मुहम्मद अफजल

इलाहाबादी का मकान और दरियाबाद के मकान जो पठानों के थे, क आलावा कुछ भी नही बचा।

1757 में अवध के नवाब ने इलाहाबाद अहमद खॉ स पुन प्राप्त कर लिया। जब बक्सर की लडाई में बगाल का सूबेदार मीरकासिम अवध का नवाब शुजाउद्दौला और दिल्ली के पदच्युत बादशाह शाह आलम अग्रेज से हार गए तब सूबा तथा इलाहाबाद शहर शाह आलम को दे दिया गया। लेकिन जब अग्रेजों को पता चला कि बादशाह और मराठों में गठबधन हो गया है तो अग्रेजों ने इलाहाबाद और कडा दोनों 50 लाख रू0 वार्षिक की दर से अवध के नवाब के हाथ बेंच दिए। शुजाउद्दौला के साथ एक सधि भी की गयी, जिसके अनुसार एक अतिरिक्त सुरक्षा बल अवध में रखा जाएगा और उसका खर्च नवाब को ही देना होगा। उसकी मृत्यु के बाद उसका बेटा आशुफुद्दौला इलाहाबाद का मालिक बना उसके साथ अग्रेजों ने एक नई सधि की जिसके तहत उसे किले में रखे गए सिपाहियों का खर्च देने के लिए बाध्य किया गया। फलस्वरूप भुगतान बकाया ही रह जाता था अत· नवाब सादत अली ने किले को लौटा दिया और 14 नवम्बर 1801ई0 को हुयी लखनऊ सधि के तहत इलाहाबाद शहर और दूसरे जिलों को भी लार्ड वेलेजली को वापस कर दिया। इस प्रकार इलाहाबाद जिला अग्रेजों के आधिपत्य में आ गया।

**अंग्रेजी कालः-**

ब्रिटिश राज के आगमन से इलाहाबाद शहर का विकास होता रहा। दो नौगम्य नदियों के सगम पर बसे होने के करण शहर का दावा राजधानी बनाने का भी रहा। इसके अतिरिक्त अकबर द्वारा शहर में अभेद्य दुर्ग बनाए जाने से अग्रेजों के लिए सुरक्षा भी अच्छी और सुगम थी। वैसे भी मुगल काल मे सूबे की राजधानी इलाहाबाद ही थी। 1934 ई0 में इलाहाबाद उत्तर पश्चिम प्रात की राजधानी बन गया। किन्तु यह सम्मान थोड़े ही समय तक रहा और 1935 ई0 में राजधानी आगरा स्थानान्तरित हो गई। परन्तु 1858ई0 की स्वतत्रता की प्रथम लडाई के समाप्त होने के बाद पुन आगरा से स्थानान्तरित होकर राजधानी इलाहाबाद बन गयी। नगर के शातिपूर्ण विकास में बाधा केवल 1857 में हुई जब सारे राष्ट्र को विद्रोह की ज्वाला निगल चुकी थी। स्वतत्रता की प्रथम लडाई में अन्य शहरों की तरह इलाहाबाद भी अग्रणी रहा।

नगर के विकास के इतिहास में 19वीं सदी के मध्य में रेलवे का आना भी प्रमुख घटना थी। रेल रोड का निर्माण 1857ई0 में प्रारम्भ होकर 1912 ई0 में समाप्त हुआ जब इलाहाबाद बनारस सेक्सन ***डी0एल0डब्ल्यू*** (जो आज उत्तर पूर्व रेलवे है) बना। उत्तरी पूर्वी दक्षिणी क्षेत्रों से सम्बन्ध रखने के लिए कानपुर रेल से सम्पर्क में 1859

ई0 में ही आ गया था परन्तु कलकत्ता (वर्तमान में कोलकाता) 1885 ई0 में यमुना नदी पर पुल बनने के बाद ही सम्पर्क में आया। शहर का जबलपुर से सम्पर्क दो वर्ष बाद रेल लाइन बनाने पर हुआ। किन्तु शहर का केन्द्र होना तभी समाप्त हुआ जब 50 साल बाद इस सदी के प्रारम्भ में रेल उत्तर में गगा पार से सम्पर्क में आई। गगा नदी पर कर्जन पुल फाफामऊ के निकट 1905 में तथा इजातपुल झूँसी के निकट 1912 में बना। रेलवे के अतिरिक्त इलाहाबाद उत्तरी भारत के बहुत से शहरों स पक्की सडक से सम्बद्ध हुआ इस प्रकार इलाहाबाद एक प्रमुख केन्द्र बन गया।

वास्तव में शहर का चौमुखी विकास प्रान्त की राजधानी बनने से हुआ। अग्रेज नागरिकों के लिए एक बडे नागरिक स्टेशन की स्थापना एव पश्चिम में (अप्रत्याशित रूप से बढती आबादी हेतु) फौजी छावनी बनी। नगर पालिका 1863 ई0 में इस उद्देश्य से बनी कि प्रचुर मात्रा में पुलिस बल बने और जन कल्याण के कार्यक्रम में अपेक्षित सुधार हो सके। आगरा से हाई कोर्ट 1858 ई0 में नवनिर्मित भवन में स्थानान्तरित हआ। इसका पूर्ण निर्माण 1870 में हुआ वर्तमान हाईकोर्ट का भवन 1616 में बना। ऊपर के चार भवनों को ए0जी0 आफिस, पब्लिक सर्विस कमीशन, रेवेन्यू बोर्ड, एव शिक्षा निदेशक कार्यालय हेतु अधिग्रहीत किए गए। इस काल में कई जन कल्याण सस्थान बने जिसमें मुख्य रूप से इलाहाबाद विश्वविद्यालय तथा हायर सेकेन्ड्री परिषद, अस्पताल

(काल्विन जो वर्तमान में मोती लाल नेहरू है) 1861 में खुला। जनता के उपयोग की सेवाओं के अतिरिक्त जल, विद्युत, सीवर, टेलीफोन, बस, आदि सेवाओं का सृजन हुआ। इलाहाबाद वाटर वर्क का कार्य 1891 में पूरा हुआ तथा विद्युतगृह 1916 में बना। इलाहाबाद विकास प्राधिकरण अपने अभ्युदय 1912 के समय से शहर की सडकों को चौडा करना पार्क बनाना, आदि कार्य करता है। उल्लेखनीय है कि पिछले 100 वर्षो में नगर के चौमुखी विकास के साथ ही जनसख्या में भी 360 प्रतिशत की वृद्धि हुई। स्वतत्रता के आगमन के साथ ही शहर के इतिहास में पिछले दशकों से काफी सुधार हुआ और जल निकास, जल-आपूर्ति, सीवर आदि में भी अपेक्षित सुधार हुआ है।

**1 1 (ii) सगम के खिसकने सम्बन्धी मतभेद:-**

इलाहाबाद शहर का धरातल गगा यमुना के मध्य स्थित है। दो नदियों के सगम पर बसे होने के कारण इसका महत्व अधिक है। सगम के खिसकने के बारे में प्राचीन काल से ही विवाद रहा है। डा0 के0एन0 कैटजन जिन्होंने वाल्मीकि को साक्ष्य के रूप में रखते हुए सुझाव दिया कि सगम 1000 बी0सी0 के लगभग बादा जिले के राजापुर के निकट था उनके विचार की सहमति *मित्तल* और घोवा ने भी की। इन लेखकों ने साहित्यिक सबूत दिया कि सगम 3000 वर्ष पूर्व राजापुर के निकट था, जो धारा के खिसकते रहने से वर्तमान स्थिति में आया।

दूसरी तरफ शास्त्री और बल्लभ शरण ने यह बताने की कोशिश की कि सगम श्रीराम के समय में भी यहीं पर था। कनिघम के अनुसार पौराणिक कथाओं पर यदि विश्वास किया जाय तो सिगरौर इलाहाबाद से उत्तर पश्चिम में 22 मील दूर गगा नदी पर स्थित हैं, सहेद से परे है। श्रीराम दल सहित गगा को इसी स्थान पर पार किया और प्रयाग पहुचे थे। प्रयाग गगा-यमुना के सगम पर स्थित है। यदि मानचित्र पर दृष्टि डाली जाय तो स्पष्ट हो जाता है कि सिगरौर (श्रृग्वेरपुर) एक साथ प्रयाग और राजापुर को नही छू सकता है। अत गगा जब श्रृग्वेरपुर में थी तो राजापुर कैसे पहुँच सकती थी।

***वाडिया*** और ***छिब्बर*** के अनुसार उत्तरी भारत में नदी पश्चिम से पूर्व को बहती है। पूर्व से पश्चिम को नही यह ध्रुव सत्य है। अत धारा ढाल के अनुरूप ही बहती है विपरीत नही। इस प्रकार राजापुर में सगम होना असत्य सिद्ध हो जाता है। पौराणिक कथाओं एव उत्तरी भारत में नदियों के बहाव की दिशा से प्रभावित होकर हो सकता है सगम कुछ पूरब खिसका हो परन्तु यह अधिक नही खिसक सकता है क्योंकि झूँसी के भीटे तथा भौगोलिक परीक्षणों, पुरातत्वों के साक्ष्यों, ज्योतियों के आलेखों से स्पष्ट है कि सगम इसी स्थान पर रहा है।

उपरोक्त विवेचन का यह तात्पर्य नही है कि सगम का

थोडा बहुत भी खिसकाव न हुआ हो। हो सकता है यह 400 वर्ष पूर्व किला बनने से पहले तथा बाध निर्माण से पूर्व झूँसी और कर्नलगज के बीच रहा हो। गर्मी में झूँसी की तरफ और बरसात में कर्नलगज तक। यह भी सभव है कि दोनों नदिया स्वतत्रता पूर्वक स्थान बदलती रही हों। वाल्मीकि रामायण प्रयाग महात्म गहन विवेचन से ज्ञात होता है कि अकबर के समय में यमुना नदी शहर के दक्षिणी भाग से सटकर एक रहस्यमयी धारा के रूप में बहती थी। जहा कोई नही रहता था उसे विकिर तीर्थ कहा जाता था जो अब ***विकिर देवरिया*** है।

उपरोक्त बातें अतिशयोक्ति नही है क्योंकि जहा यमुना नदी शहर में प्रवेश करती है (बलुआघाट ककरहा घाट, करेली बाग आदि) पर नदी का स्तर काफी नीचा है। बाल्मीकि और आध्यात्म रामायण के अनुसार यमुना के पुराने बहाव का रास्ता बलुआघाट मुट्ठीगज होते हुए रामबाग, जार्जटाउन, टैगोरटाउन था।

इस प्रकार अनेक विद्वानों के सगम खिसकने सम्बन्धी अपने-अपने अलग-अलग विचार है।

## 1 1 (iii) नगर का पुरातन इतिहास

वाल्मीकि रामायण के अनुसार न तो प्रयाग नाम का कोई गाव था और न ही कोई शहर। मात्र ऋृषि भरद्वाज का आश्रम था। रामायण काल में प्रयाग न तो कोई शहर, न गाव, और न ही कृषि योग्य भूमि थी, जो वत्स देश में वर्णित थी। प्रयाग मात्र एक वन था- जो गगा और यमुना के दोआब में फैला था। इस प्रकार यह स्पष्ट है कि 1000ई0पू0 पहले प्रयाग शहर नही था। बल्कि यह तपोभूमि थी जो गगा यमुना के सगम के निकट थी।

600 ई0पू0 पाली भाषा में लिखी गयी बुद्ध काल की किताबों में प्रयाग का नाम नही मिलता। प्रयाग शहर का वर्णन बौद्ध धर्म की प्रसिद्ध पस्तुक महावस्तु और ललित विस्तार में नही है। इस प्रकार यह ज्ञात होता है कि उस समय या तो प्रयाग शहर नही था अथवा बौद्धों को इसकी जानकारी नही थी। अत हम इस निष्कर्ष पर आते हैं कि बुद्धकाल में प्रयाग नामक शहर नही था, हो सकता है यह बुद्ध काल के बाद हुआ हो।

***टाड*** के अनुसार प्रयाग राजपूतों का सबसे पुराना शहर है जो मेडीरेयिन शासन काल में था और मेंगस्थनीज ने चौथी सदी ईसा पूर्व में प्रयाग का दर्शन किया था। ***एस0सी0 काला*** (इलाहाबाद म्यूजियम के सस्थापक) ने झूँसी और प्रयाग के बारे में लिखा कि अशोक ने नगर

के मध्य में पत्थर का स्तम्भ लगाकर उत्सव मनाया और चम्पक बाग में जो शहर के पूर्वी व दक्षिणी हिस्से में हैं एक स्तूप का भी निर्माण किया। ह्वेनसाग की यात्रा के समय इसकी दीवारें 100फीट तक ऊँची थी।

ह्वेनसाग के इस प्राचीन शहर के बारे में किए गए विविध वर्णनों पर अलबरूनी ने ध्यान नही दिया। अलबरूनी अपने समय के प्रसिद्ध इतिहासकार थे। महमूद गजनवी के समय अलबरूनी ने प्रयाग की यात्रा की थी। उसने नगर के वर्णन के अतिरिक्त अक्षयवृक्ष के बारे में भी लिखा है।

इस प्रकार उस समय गगा-यमुना के सगम पर प्रयाग शहर नही था वहा पर मात्र अक्षयवृक्ष ही था। मुहम्मद गजनवी ने गगा नदी पर स्थित फतेहपुर (बुन्देलखण्ड) पर कब्जा किया था बाद में वह बनारस को भी अपने कब्जे में ले लिया। इससे यह अनुमान लगाया जाता है कि इन दोनों के बीच में प्रयाग जरूर रहा होगा क्योंकि फतेहपुर से बनारस जाने की रास्ता प्रयाग होकर ही जाता है। परन्तु कही भी ऐसा लिखित प्रमाण उपलब्ध नही है। इससे स्पष्ट होता है कि 11वीं सदी में प्रयाग गगा-यमुना के सगम पर नही था।

फिलहाल यह स्पष्ट है कि प्राचीन प्रयाग शहर मुसलमानों के आगमन से पूर्व विलुप्त था। एक अन्य विचार यह भी है कि वर्तमान

इलाहाबाद शहर अकबर के पहले नही था। परन्तु यह विचार सत्य नही है क्योंकि प्राचीन काल में गगा यमुना के सगम पर शहर था और अकबर ने उसी शहर का जीर्णोद्धार करके नया नाम इलाहाबाद रखा। इसमें सदेह नही है कि अकबर ने इलाहाबाद शहर को वर्तमान स्थिति में लाया। इसके अतिरिक्त उसने अपने शासन काल के 21वें वर्ष एक किले का निर्माण भी किया। यह सभव है कि प्राचीन प्रयाग या तो उस काल में उजड गया था या नदी की धारा में विलीन हो गया था। अकबर के समकालीन इतिहासकार-***अब्दुल कादिर बदायुर्नी*** के अनुसार नदी के किनारे बहुत ऊँचा एक्र पेड स्थित था। 7वीं सदी में यह सगम से लगभग 1 मील दूरी पर था। अत सभव है कि 9वीं सदी में इन नदियों के कटान से विस्तृत बलुई मिट्टी का मैदान सगम से लेकर नगर तक बह गया मात्र पवित्र पेड ही नदी के किनारे बचा रहा। अत· स्पष्ट है कि आधा शहर नदी में बह गया और आधा शहर इसके निवासियों द्वारा ही उजाड दिया गया।

डॉ0 काला के अनुसार झूँसी की खुदाई से आर्यो के व्यवस्थित होने और प्रयाग के स्थित होने का एक नया अध्याय मिल सकता है। परन्तु यह अभी सदेह के घेरे में है। अत· मैं यह कहना चाहूँगा कि पुरातत्व व पुरानी पुस्तकों के आधार पर नि·सदेह प्रयाग बहुत पुराना शहर नही है, परन्तु विदेशी जातियों के वर्णन के आधार पर प्राचीन नगर होना सिद्ध है।

### 1 1 (iv) नगर की उत्पत्तिः-

*रेनर* के अनुसार नगर की उत्पत्ति विवादास्पद व जटिल है। किसी भी शहर की उत्पत्ति कार्यात्मक ही होती है। अधिकतर शहर कार्य के अनुसार ही निर्धारित होते हैं और उसमें उस विषय के गुण होते हैं। नगर की उत्पत्ति के तत्व भिन्न-भिन्न समय में भिन्न -2 होते हैं।

**प्राचीन उत्पत्ति.-**

जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि वर्तमान शहर प्राचीन प्रयाग शहर के समीप बसा है। यह ध्रुव सत्य है कि प्रारम्भ में जहा कृषि उत्पादन अधिक होता है वहीं पर शहर का विकास होता है। और वह स्थान बहुधा नदियों की घाटी में बसे होते है। इसके अतिरिक्त शहर के प्रारम्भिक विकास हेतु कुछ और मानव आवश्यकताए होती है। भारत वर्ष में नदियों के सगम पर बहुधा प्रारम्भिक नगरीय व्यवस्था किसी विशेष धार्मिक भावना से जुडी हुयी होती है। ऐसे पवित्र स्थान मनुष्यों के समूहों को मेले की भाति आकर्षित करते है। धार्मिक विचारों के अनुसार प्रयाग तीन पवित्र नदियों के (गगा-यमुना एव अदृश्य सरस्वती) सगम पर स्थित है। यह इतना पवित्र है कि सदियों से मानव के लिए अविस्मरणीय है। त्रिवेणी एक निश्चित अन्तराल पर (समय-समय) पर पूरे

देश के तीर्थ यात्रियों को आकर्षित करती है। इसीलिए तीर्थ यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सगम के निकट एक स्थायी व्यवस्था अस्तित्व में आई। प्रारम्भिक काल में बढते हुए शहरीकरण के कारण नये-नेय व्यवसाय का विकास हुआ। जैसे नाव, मकान, लकडी, पत्थर, सोना, चॉदी, तॉबा, कीमती पत्थर, आभूषण इत्यादि। उस समय इन व्यवसायों को गगा और यमुना ने अपने जल परिवहन से इसे और बढाया। कहा जाता है कि हिन्दुओं के एक प्राचीन रिवाज के अनुसार नदी के किनारे जहा से नदी दिखाई दे वहा एक मदिर बनवाना पवित्र माना जाता है। अत प्रयाग में सगम पर चारों तरफ छोटे-छोटे मदिर का निर्माण नगर में हुआ।

**मध्य कालीन उत्पत्तिः-**

जैसा कि पूर्व में कहा गया है कि प्राचीन प्रयाग मुसलमानों के आक्रमण से ऊब चुका था। प्राचीन शहर का पुर्नजीवन 16वी सदी में उस समय हुआ जब अकबर इसके सामरिक महत्व से प्रभावित हुआ। उसने प्राचीन नगर में एक किला बनवाने के बारे में सोचा। किले के चारों ओर सामान्यतया नगर बढता गया जो वर्ग विहीन था। एक नया शहर इलाहाबाद के नाम से उभर कर किले के आस-पास बढा जहा से सगम दृष्टिगोचर होता रहे। इलाहाबाद ने मुसलमानों के

शासन काल में सूबे की सूबेदार की गद्दी का स्थान लिया। प्रयाग एक धार्मिक अधेरे में चला गया और इलाहाबाद राजनैतिक क्षितिज पर उभरकर आ गया। नए शहर के निर्बाध रूप से अपनी राजनैतिक हैसियत 19वीं सदी तक प्राप्त कर लिया। इसके बाद यह शहर अग्रेजों के हाथ में चला गया।

**आधुनिक उत्पत्तिः-**

इलाहाबाद शहर औद्योगिक क्राति में पश्चिम के शहरों से बहुत प्रभावित नही हुआ। औद्योगिक और व्यवसाइक क्राति के आने से पूर्व ही इलाहाबाद का अस्तित्व था। निश्चय ही उसने व्यापार को आकर्षित किया न कि व्यापार ने शहर को । उद्योग एव व्यवसाय ने इस शहर को अवश्य प्रभावित किया लेकिन कोई बडा उद्योग स्थापित नही हो सका। इससे प्रमाणित होता है कि यदि यह शहर धार्मिक महत्व तथा सूबे की राजधानी न होती तो इलाहाबाद बहुत ही अविकसित होता ।

**1 1 (V) सास्कृतिक पृष्ठभूमि का मूल्याकनः-**

नए शहर के रूप में इलाहाबाद का मूल्याकन पुराने शहर के सास्कृतिक पृष्ठाभूमि के मूल्याकन की बारीकियों को ढूँढना आसान नही है। क्योंकि कोई भी ऐतिहासिक आलेख उपलब्ध नही है।

**प्राचीन नगर –**

भारत वर्ष के निवासी सामान्य रूप से और इलाहावाद शहर के निवासी विशेष रूप से चीनी यात्री ह्वेनसाग के ऋणी हैं जिसने एक विस्तृत विवरण इस हिन्दू शहर के बारे में दिया। उनके अनुसार नगर दो नदियों के सगम के पश्चिम तरफ विस्तृत बालू के मैदान पर बसा है। नगर के मध्य में एक विष्णु का मदिर था और मदिर के मुख्य कमरे के पास एक बहुत बडा वृक्ष था जिसकी शाखाए दूर-दूर तक चारों ओर फैली थी। ***कनिघम*** ने मन्दिर एव वृक्ष की पहचान की थी किन्तु उनके अनुसार मदिर पटलपुरी था तथा वृक्ष अक्षयवट था जो कि किले के चहरदीवारी के अदर है। इस प्रकार यह प्रमाणित है कि 7वीं सदी में नगर वही पर था जहा पर आज कल किला है। यह निश्चित करना कोई मायने नही रखता कि ठीक-ठीक शहर की क्या सीमा है। प्राचीन प्रयाग नगर विल्कुल लुप्त हो गया क्योंकि चीनी तीर्थ यात्री के समय विभिन्न बौद्ध और ब्राह्मण अवशेष नही रह गए थे। दक्षिण पश्चिम का नगर यमुना में बह गया और सगम से नदियों के किनारों तक नाव चलाने योग्य अपार जलराशि हो गयी।

**मध्यकालीन शहरः-**

इलाहाबाद शहर की पूर्ण रूप से स्थापना अकबर के शासन काल में हुई। नगर का निर्माण निचली भूमि पर न होकर ऊँचे

उठे भागों में ही हुआ। पूर्व की तरफ खुशरूबाग, खुल्दाबाद, जी0टी0राड होते हुए दक्षिण की तरफ यमुना तट तक फैला है। पूर्व की तरफ बाध बन जाने से सास्कृतिक पृष्ठभूमि बदल गयी और उसके किनारे अच्छी खासी आबादी हो गयी। दक्षिण की तरफ शहर नही बढ सकता। बादशाह जहागीर ने इस शहर को खूबसूरत बनाना चाहा। उसने खुल्दाबाद, खुशरूबाग व अन्य भवनों को बनवाया। उसने एक बाग भी लगवाया। दारागज शाहजहा के बेटे दारा शिकोह के नाम पर रखा गया। गगा के किनारे ही सिपहदार (सूबेदारगज) जो कि जी0टी0 रोड पर शहर के पश्चिम की तरफ बसा है। उसे सिपाहदार खा ने बसाया, जो 1662 से 1696 तक शहर का सूबेदार था। कटरा गाव औरगजेब के शासन काल में बसा।

1801 ई0 में किला, जी0टी0 रोड और दो महान नदिया थी। ***हेवन*** के अनुसार नगर केवल यमुना के किनारे मात्र था। इसी तरह मुगलों ने दिल्ली और आगरा को भी यमुना के किनारे बसाया था। यमुना नदी के किनारे का ढाल तीव्र है जबकि गगा का मन्द क्योंकि गगा वाढ वाले मैदान में बहती है। 90 प्रतिशत मकान मिट्‌टी के बने थे जो ढह गए। नगर में कुछ मकान एसे थे जो ईटो के बने थे। नगर गन्दा था क्योंकि यह मूलरूप से मिट्‌टी एव छप्पर का बना था।

इलाहाबाद शहर की प्रसिद्धि ब्रिटिश काल में सैनिक छावनी बनने के बाद हुई। शहर के कटरा गाव के समीप दो प्रसिद्ध सैनिक छावनिया बनी। दक्षिण की तरफ की पैदल सेना अग्रेजो की थी जबकि उत्तर की तरफ की पैदल सेना देशी सिपाहियों की थी। जिला का मुख्यालय बनने के साथ ही नगर का विकास हुआ।

कुछ समय बाद 1831 ई0 में यहा राजस्व परिषद का कार्यालय भी खुल गया। इलाहाबाद के उत्तर पश्चिम प्रान्त की राजधानी होने का गौरव भी 1834 ई0 में प्राप्त हो गया। लेकिन एक वर्ष बाद 1835 वह आगरा स्थानान्तरित हो गयी। 1843 ई0 में यहा से उच्चन्यायालय भी आगरा को स्थानान्तरित हो गया। इस कारण विकास में बाधा पहुँची। 1801 ई0 के पूर्व अग्रेज अधिकारी किले में या किले के इर्द-गिर्द रहते थे। कुछ समय बाद किले के पश्चिम यमुना के किनारे सिविल स्टेशन बनाए गए। नया सिविल स्टेशन कर्नलगज के उत्तर और कन्टोन्मेन्ट के दक्षिण में होली ट्रिनिटी चर्च के पास बना जो बाद में स्वतन्त्रता के प्रथम युद्ध में बर्बाद हो गया। कटरा बाजार नए सिविल स्टेशन की जरूरतों को पूरा करने लगा जबकि कर्नलगज सदर बाजार की जरूरतों को। 19वीं सदी तक जो विदेशी यात्री आते वे कला सराय, खुल्दाबाद, जुमा मस्जिद से प्रभावित होते थे। शहर के उत्तर में फाफामऊ के निकट सरकार द्वारा एक गन पाउडर फैक्ट्री का भी निर्माण करवाया गया था।

**1860 से 1900 के मध्य सास्कृतिक पृष्ठभूमि का मूल्याकन –**

नए सिविल स्टेशन बनने के बाद शहर के क्षेत्र के बढने की सीमा उत्तर की तरफ उत्तरी रेलवे लाइन तक थी। स्वतत्रता के प्रथम युद्ध के बाद एक नए सिविल स्टेशन की जरूरत महसूस की गई क्योंकि पुराना सिविल स्टेशन जो कर्नलगज के उत्तर में था बर्बाद हो चुका था। इस प्रकार स्वतत्रता की प्रथम लडाई के बाद शहर के विकास में ऐतिहासिक परिवर्तन हुआ। एक प्राचीन भूखण्ड जिसमें 8 गाव समाहित थे 1857 में बिना मुआवजा दिये ले लिया गया। और उन भूखण्डों के मालिकों का भी कुछ नही दिया गया क्योंकि उन लोगों ने स्वतत्रता की लडाई में सक्रिय योगदान दिया था। एक नया सिविल स्टेशन लार्ड कैनिग के नाम पर ***'कानिगटन'*** के नाम से बनाया गया। यह ध्यान देने योग्य है कि वर्तमान सिविल लाइन जो नया सिविल स्टेशन बना वह पूर्णतया यूरोपियनों के लिए सुरक्षित था। इसके दक्षिण में कन्टोन्मेण्ट पश्चिम में नई सैनिक छावनी और उत्तर गगा नदी की प्राकृतिक सुरक्षा थी। कानपुर से इलाहाबाद तक रेल लाइन बिछ चुकी थी परन्तु यमुना पर पुल न होने से मिर्जापुर व कलकत्ता जाने के साधन नही थे।

पहले कहा जा चुका है कि गगा और ससुर खदेरी नदी के आस-पास छोटी-छोटी बहुत सी नदिया और कन्दराए है जिनमें कुछ बहुत चौडी भी है और साथ ही साथ गगा और उसके पास के बहुत बडे क्षेत्र पर खेती होती है। कुछ क्षेत्रों पर अब बस्तिया

जैसे-टैगोरटाउन, जार्ज टाउन आदि बस गयी हैं। मुख्य शहर दक्षिण पश्चिम यमुना से सटा हुआ पूरब की तरफ होते हुए मुट्ठीगज और कीडगज तक फैला है। कटरा, कर्नलगज व दारागज इससे भिन्न स्थिति के हैं, जो शहर से अलग होते हुए बहुत बडे खेतिहर जमीन पर हैं। शहर के किनारे किनारे गाव है, अभी शहर में नही लिए गए हैं लेकिन फिर भी अभी अर्द्धनगरीय जीवन बिता रहे हैं। मुख्य नगर 7 भागों में बटा है-खुल्दाबाद, शाहगज, अहियापुर, बहादुरपुर, बादशाही मण्डी मुट्ठींगज,। 3 बाहरी क्षेत्र हैं- कीटगज, कटरा, और दारागज। इसके अतिरिक्त 57 गाव नगर पालिका और सैनिक छावनी में लिए गये थे। अन्तिम सदी के छटे दशक से इलाहाबाद एव बडा और विखरा हुआ शहर है, मकान कम लेकिन बिखरे हैं। शहर मुख्य रूप से यमुना तक फैला है। सडके चौडी व पुराने छायादार वृक्षों से सजी हैं।

यह स्पष्ट है कि शहर 1857 की क्राति के बाद काफी फैला। बाद में आगरा से सूबे की राजधानी व हाई कोर्ट दोनो पुन॰ 1858 व 1868 में लौट आए। इससे शहर की वृद्धि हुयी। 1818 के प्रेक्षण के अनुसार शहर 10 6 वर्गमील फैला था। 1863 में 20 4 वर्ग मील और 1870 में 22 4 वर्गमील जो 1956 तक अपरिवर्तित रहा। 1870ई0 में प्रमुख परिवर्तन हुआ। पुरानी छावनी समाप्त हो गयी। नई छावनी का गठन हुआ। नए सिविल स्टेशन बन गए। अल्फ्रेड पार्क व रोम कैथोलिक चर्च समाप्त हो गए। इनकी जगह बडे-बडे पार्क बन गए।

म्योर सेन्ट्रल कालेज के उद्‌भव से नगर के उत्तरी भाग का परिदृश्य बदल गया क्योंकि यह शिक्षा का प्रमुख केन्द्र था। वर्तमान जानसेनगज सडक 1864ई0 में कटरा तक बढाई गयी। पहले मध्य चौक में एक छिछला तालाब, ***'कालडिग्गी'*** के नाम से था जिस पर वर्तमान में 1873 ई0 में नगर पालिका सब्जी मण्डी बन गया है।

**1990 ई0 से सास्कृतिक पृष्ठभूमि का मूल्याकनः-**

इस सदी के प्रथम दशक में सास्कृतिक पृष्ठभूमि में काफी परिवर्तन हुआ। इस काल में इलाहाबाद फैजाबाद रेलवे लाइन के सहारे गगा नदी में दो पुलों का निर्माण किया गया। इस काल में शहर केवल विकसित ही नही इसकी अध सरचना में भी परिवर्तन हुआ। हीवेट रोड- 1911, शिवचरण और क्रास्थवेट रोड-1916 एव जीरोरोड- 1929 में बनाई गई। इस प्रकार इस काल में पूर्ण रूप से चौक में परिवर्तन हुआ।

विभिन्न शैक्षिक सस्थाए उभरकर सामने आई। इलाहाबाद विश्वविद्यालय, शिक्षण तथा आवासीय हुआ। सीनेट हाल में विश्वविद्यालय के विभिन्न हास्टल इसी काल में बने। इसके फलस्वरूप कटरा और कर्नलगज अभूतपूर्व विकास को प्राप्त हुआ। नगर में उद्योग तथा व्यवसाय भी बटा खासतौर से प्रिटिग प्रेस उद्योग तथा जन उपयोगी सेवाए जैसे-विद्युत, स्वास्थ्य, जल-आपूर्ति, जल-निकास, मल-जल निकास, शिक्षा सिनेमा आदि। नए प्रमुख मुहल्लों में लूकरगज, टैगोर टाउन, जार्जटाउन,

न्यूकटरा, साउथ मलाका, मम्फोर्डगज, न्यूबैरहना, तुलारामबाग, सोहबतियाबाग, अलोपीबाग बने। लूकरगज, खुशुरूबाग के पश्चिम में 1906 में ***लूकर महोदय*** के नाम पर जो पुलिस कप्तान थे बना। निचली जमीन जो लूथर रोड के पूरब में थी अग्रेज नागरिकों के लिए अयोग्य समझी गई। 1909 में एक नया सिविल स्टेशन सोहबतियाबाग में बना। टैगोर टाउन तीसरे दशक में विकसित हुआ जो कवि रवीन्द्र नाथ टैगोर के नाम से बना न्यूकटरा मोहल्ला– 1927 ई0 में बना। पहले मम्फोर्डगज व एलनगज छोटे से गाव थे। यह सर जार्ज एलन के नाम पर जो पायनियर प्रेस के जन्मदाता थे और मम्फोर्ड महोदय म्यूनिसपल बोर्ड के चेयरमैन थे के नाम पर बने।

19वीं सदी के प्रारम्भ में इलाहाबाद एक छोटा शहर था और अब मुख्य शहर और इसके बाहरी भाग कटरा, कर्नलगज, दारागज थे। अग्रेजी शासन काल में मुट्ठींगज तथा कीडगज ने प्रगति की। इसीलिए सीधी और चौडी सडकें बनी इस प्रकार मुख्य शहर यमुना के किनारे ही सीमित रहा। प्रथम स्वतत्रता सग्राम ने केन्द्र से हटने वाली शक्तियों में गति प्रदान की और नगर का विस्तार शीघ्रता से हुआ। वर्तमान सिविल लाइन्स का विकास अग्रेजों के लिए किया गया। रेलवे लाइन के पश्चिम एक नया शहर खुले स्थान व अच्छी सडकों से युक्त बसा। उसी नगर के केन्द्रीय भाग में ही केन्द्रीय सेवाए जैसे व्यापार, परिवहन व शिक्षा सम्बन्धी सस्थान खुले स्थान की माग एव भवन बनाने

की माग किए। 20वीं सदी के प्रारम्भ में सम्पन्न लोग शहर के घने क्षेत्र से निकलकर बाहरी क्षेत्र में बसने लगे। इन लोगों को हाईकोर्ट व विश्वविद्यालय ने आकर्षित किया। परिणाम स्वरूप जार्ज टाउन, लूकरगज व नया कटरा बना। इसी बीच सुधार ट्रस्ट आया जिसने सुधार के कठिन कार्य किए। बाई का बाग रिहायसी क्षेत्र बना। बिना किसी नियम क घने-घने मकान बने इस नए आवासीय क्षेत्र में शिक्षण सस्थाए भी बनी जिनमें विद्यामदिर स्कूल तथा मजीदिया इस्लामिया कालेज बना। मकानों के सामने चौडी सडकों की योजना- सुल्तानपुर भावा, साउथ हाउसिग स्कीम द्वितीय औद्योगिक और शरणार्थियों की कालोनी नरूल्ला तथा ककरहा घाट सडकों के दक्षिण पश्चिम सोहबतियाबाग, तुलारामबाग, मधवापुर, पूरब में टैगोर टाउन, और उत्तर में हाउसिग रोड बनी। इसके अतिरिक्त इस काल में बहुत अर्द्धशहरी गाव भी नगर की सीमा में आए। मुख्य व्यवसाय शहर के मध्य (चौक क्षेत्र) में एकत्रित होने लगा। यद्यपि छोटी दुकानें बाहरी क्षेत्र के लोगों की जरूरतों को पूरा करने लगी। इस केन्द्रीकृत और विकेन्द्रित शक्तियों से शहर का विकास और बढने लगा।

## 1.2 विधितन्त्र :-

किसी भी शोध को करने में अनेक प्रकार की विधियों का उपयोग किया जाता है। जिन विधियों का उपयोग किया जाता है उसे मिलाकर एक तत्र निर्माण होता है, जिसे ***विधितन्त्र*** कहा जाता है।

विधितन्त्र का उपयोग भूगोल में प्राचीन काल से ही होता रहा है परन्तु 20वीं शताब्दी के पिछले अर्द्धभाग में भूगोल के अध्ययन, अन्वषण और निरूपण के विधितत्र में बडी तीब्रप्रगति से हुयी। भूगोल वेत्ताओं ने अपने सर्वेक्षणों, प्रेक्षणों, अन्वेषणों और वर्णनों के विधितत्र में बहुत से नूतन उपगमनों सकल्पनाओं और निरूपण की विधियों का विकास किया है।

प्रस्तुत शोध प्रबध में निम्नलिखित विधितन्त्र का उपयोग किया गया है।

**1 आकडा सग्रह ·–**

प्रस्तुत अध्ययन में आकडे प्रमुखत तीन स्रोतों से सग्रहीत किए गए है।

(i) लिखित अभिलेख।

(ii) मानचित्र।

(iii) व्यक्तिगत सर्वेक्षण।

(i) **लिखित अभिलेख .–**

विश्व एव भारतीय भूगोलवेत्ताओं द्वारा लिखी गयी पुस्तकों का अध्ययन करने के पश्चात् कारगर लेखों को इस शोध प्रबध हेतु लिया गया है। जैसे- स्ट्रालर एण्ड स्ट्रालर, हैमिल्टन डब्लू, 'द ईस्ट इण्डिया गजेटर' पृ0 34, डिस्ट्रिक्ट गजेटियर पृ0 157, द इन्स्टीट्यूटस ऑफ मनु, चै 2, श्लोक 21, कनिंघम ऐन्सेन्ट ज्योग्राफी ऑफ इण्डिया पृ0 389 ।

(ii) **मानचित्र .–**

शोधकार्य में विभिन्न प्रकार के मानचित्र का सहयोग लिया गया है। जिसमें जनपदीय गजेटियर, मानचित्र, जनपद इलाहाबाद का पर्यटक मानचित्र, नलकूप मानचित्र, इलाहाबाद तहसील से प्राप्त कछार (सलोरी, चिल्ला) का मानचित्र, स्ट्रालर की पुस्तक से प्राप्त आकारमिति का सरिता श्रेणीकरण मानचित्र। इसके अतिरिक्त अनेक मानचित्र शोधकर्ता द्वारा स्वय बनाए गए हैं। जैसे- इलाहाबाद में भूमिगत जल की स्थिति का चित्र, प्रमुख ट्यूबवेल का मानचित्र, गगा कार्य योजना के प्रस्तावित मार्ग का मानचित्र आदि।

(iii) **व्यक्तिगत सर्वेक्षण :–** शोधकर्त्ता एव निर्देशक द्वारा स्वय व्यक्तिगत सर्वेक्षण किया गया। इन सर्वेक्षर्णो में भूमिगत जल की स्थिति, प्रमुख पम्पिग स्टेशनों बाढ, ऑकडा सग्रह–1996 हेतु सर्वेक्षण गगा नदी द्वारा शहर की ओर होने वाले कटाव का सर्वेक्षण एव नौगम्य बनाने सम्बन्धी सर्वेक्षण प्रमुख है।

2 **सामग्री विश्लेषण एव व्याख्या** - प्रस्तुत शोध प्रबध में नगर में होने वाले भौतिक परिवर्तिन की व्याख्या एव विश्लेषण किया गया है कि विश्लेषण की पुष्टि हेतु स्थान सारणी एव मानचित्र प्रस्तुत किए गए है। जिससे स्थानिक वितरण प्रतिरूप सुस्पष्ट हो सके। मानचित्र में कोरोप्लेथ, आइसोप्लेथ आदि मानचित्रों का भी प्रयोग किया गया है किन्तु आवश्यकतानुरूप अन्य मानचित्र भी बनाए गए हैं। जैसे दण्ड आरेख के द्वारा दर्शाये गये नगर के भूमिगत जल स्तर की स्थिति इसके अतिरिक्त ग्राफ का भी उपयोग शोध प्रबध में उचित स्थानों पर किया गया है।

# अध्याय - 2

## इलाहाबाद शहर का भौगोलिक स्वरूप

2 1 **अवस्थिति :-** इलाहाबाद शहर, जलीय, भूआकृतिक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण गगा और यमुना नदी के सगम पर स्थित है। (चित्र स 2 1) खगोलीय दृष्टि से यह शहर 25$^{0}$ 30' उत्तरी अक्षाश एव 81$^{0}$ 55' पूर्वी देशान्तर पर स्थित है। इस शहर पर सूर्य की किरणें कभी भी लम्बवत् नही पडती हैं। यह शहर 7261 वर्ग किमी0 क्षेत्र पर फैला है। इसकी जनसख्या लगभग 12 लाख है। जिले की सीमाओं में, उत्तर में प्रतापगढ पूर्व में जौनपुर, वाराणसी, पश्चिम में कौशाम्बी, दक्षिण में मध्य प्रदेश राज्य की अवस्थिति है।

प्रत्यक्षत IST (भारतीय मानक समय) रेखा जो 82$^{0}$ 30' पूर्व से गुजरती है, वह शहर को नही छूती हैं। फिर भी बडा शहर होने के कारण भारतीय मानक समय इलाहाबाद से ही माना जाता है।

इलाहाबाद विविध प्रकार के धरातलीय विविधताओं से घिरा हुआ है। इसका उत्तरी भाग भूगर्भीय हिमालय के क्षरण से बना है। यह मिट्टी की पुरानी सरचना से बना है और बालू के कणों से भरा है। यमुना नदी की घाटी में लाल रग के कण, जिसे मोरग कहते हैं पाया जाता है। इनका व्यास 0 66 मिमी0 से 2 00 मिमी0 तक है। गगा और यमुना नदी द्वारा लाई गयी कछारी मिट्टी के ऊँचे भाग पर शहर बसा है।

# इलाहाबाद शहर का मानचित्र

चित्र : 2.1

यह शहर दो नदियों के संगम पर बसा होने के कारण जल-थल दोनो मार्गो से आबद्ध है। रेलवे की दूरी में यह शहर कलकत्ता से 512 मील, मुम्बई से 846 मील, दिल्ली से 390 मील, कानपुर से 122 मील, बनारस से 76 मील, लखनऊ से 125 मील, तथा जबलपुर से 239 मील दूर है। इन रेल साधनों के अतिरिक्त यह शहर सड़क माध्यम से भी अन्य शहरों से जुड़ा है। प्रारम्भ में इसका अभ्युदय सड़क मार्गो के जाल का केन्द्र होने के कारण हुआ। इसमें संदेह नही है कि यह शहर सुरक्षा और व्यापार की दृष्टि से बेजोड़ है। बाद में इसकी प्रगति गंगा घाटी की उत्पादन क्षमता के कारण हुयी।

**हार्वर** के शब्दों में - " एक अच्छे शहर के लिए भारत में इलाहाबाद एक बड़ा शहर उपयुक्त स्थान, सुखी एवं स्वस्थ्य जलवायु, दो महान नदियों के संगम पर होने से उत्तम स्थान है।" अपनी सर्वोत्तम स्थिति के कारण यह शहर विदेशी पर्यटकों की दृष्टि से नही बच पाता।

श्री डब्लू0एच0 रसेल के अनुसार - इलाहाबाद भारत में एक महान विशिष्ट नगर हो सकता है। अगर धनाभाव न हो तो जहाँ तक इसकी भौगोलिक स्थिति की बात है, राजधानी होने के इसमें सभी गुण विद्यमान हैं। एक भारतीय पर्यटक का कथन है कि भारत में जितने शहरों में किले हैं उनमें सबसे अच्छी स्थिति में इलाहाबाद का किला है। यह

CONTOUR MAP OF ALLAHABAD

BM 318

BM 314

300

295

290

285

270

288

286

मानचित्र संख्या 2.2

ALLAHABAD DISTRICT
CONTOURS
N
Contour in metres
Spot heights in metres
Bench Marks
10
0
10
20
Km

चित्र : 2.3

अतिशयोक्ति नही बल्कि ध्रुव सत्य है कि उत्तर के विशाल मैदान में इतनी अच्छी स्थिति और किसी शहर की नहीं है।

## 2 2 उच्चावच और भूगर्भिक संरचना –

भूगर्भिक सरचना किसी भी क्षेत्र के अध्ययन का प्रमुख आधार होती है क्योंकि यह धरातलीय उच्चावचन, प्रवाह प्रणाली एव मृदा उत्पादकता को प्रभावित करने के साथ ही प्राकृतिक पर्यावरण का एक प्रमुख तत्व होती है, जिससे मनुष्य की आर्थिक और सामाजिक क्रियाए प्रभावित होती है। अध्ययन क्षेत्र अपने अन्तर्गत विभिन्न सरचनात्मक जटिलताओं को समाहित किए हुए हैं। वास्तव में मिर्जापुर एव बादा को छोडकर उत्तर प्रदेश का शायद ही ऐसा कोई जनपद हो जिसमें इस प्रकार की भूगर्मिक जटिलताए पायी जाती हों। अध्ययन क्षेत्र उत्तरी विशाल मैदान और दक्षिण के पठारी भाग का मिलन स्थल होने के कारण एक सक्रमण क्षेत्र के रूप में पाया जाता है।

शहर का जलीय भू-भाग गगा और यमुना के दोआब क्षेत्र में 82 18 वर्ग किमी0 भौगोलिक क्षेत्र में फैला है और नदी के पार (फाफामऊ झूँसी, नैनी) सापेक्षिक उभार 23 मी0 (उच्चतम और न्यूनतम विन्दु क्रमश 98 मी0 और 75 मी0 समुद्र तल से ऊँचा) है।

सतह और सतह के नीचे का पदार्थ क्ले, शिल्ट, बालू और ककड के विभिन्न अनुपात वाले जलोढ निक्षेप है, जो चतुर्थक काल के हैं। गगा और यमुना के किनारे का अनावृत्त स्थल 15 से 20 मीटर भूमि सतह के नीचे 1 से 3 मीटर मोटाई का ककड पैन प्रदर्शित करता है। निम्नलिखित चार प्रकार की स्थाकृतिक विभिन्नताओं के आधार पर शहर के उच्चावच की पहचान की जा सकती है।

## 1 समतल उच्च भू–भाग :–

यह आकृतिक इकाई शहर के मध्य और शहर के पश्चिम भाग में पूर्व में 95 मीटर की परिरेखा उत्तर में तराई निम्न भूमि और दक्षिण में यमुना नदी द्वारा सीमित है। यह शहर की प्राचीनतम सतह का प्रतिनिधित्व करती है जिन पर शहरी क्षेत्र की मुख्य बस्तिया कटरा, सिविल लाइन्स, चौक (C B D ) जानसेनगज आदि बसी है। यह भू–इकाई व्वायज हाई स्कूल के पीछे स्थित प्राकृतिक नाले को छोडकर वर्षा अपरदन से सबसे कम प्रभावित हैं क्योंकि अधिकाशत क्षेत्र बने हुए शहरी आवासीय भवनों से ढका है। चूँकि सतह लगभग समतल है अत कृत्रिम नाला और सीवर लाइन बहुधा जाम हो जाया करती है। (कूडा करकट, पालीथीन फेंके जाने के कारण) फलत शहर का कूडा करकट सडकों और गलियों में फैल कर जल जमाव की स्थिति को पैदा कर देता है। यह अस्वास्थकर

स्थिति पैदा करके भयकर बीमारी को आमत्रित करता है।

चूँकि यह भाग क्ले, शिल्ट आदि भूपदार्थ दृढ रूप में सगठित है अत· भूमि की स्थिति बहमजिली इमारतों को बनाने के योग्य है।

**2 ढलवा भू-भाग :-**

यह ढलवा भू-भाग एक पट्टी के रूप में समतल उच्च भू-भाग के पूर्वी और उत्तरी किनारों की तरफ फैली है। भूमि का औसत ढाल 1 मीटर से 20 मीटर तक है, यह माना जाता है कि यह ढलवा भू-भाग गगा नदी और कुछ नालों के किनारे पर विकसित हुआ है। भारद्वाज आश्रम से झूँसी तक गगा नदी का बदला हुआ रास्ता पुराने किनारे के मध्यम जल-बहाव अपरदन (Moderate Fluvıal Crosıon) के कारण रहा है। वर्तमान मम्फोर्डगज का निचला क्षेत्र बाद में अपवर्जित पदार्थ द्वारा भर दिया गया जिस पर पिछले कुछ वर्षो में तीव्र गति से बस्तिया बस गयी। नया कटरा के उत्तर स्थित मम्फोर्डगज नाला के समीप का निचला भू-भाग इलाहाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अभी भी बसाया जा रहा है जिसमें भुरभुरी और असगठित पदार्थ तथा निरतर जल भराव की समस्या पर ध्यान नही दिया जा रहा है।

बघाडा, सलोरी, गोविन्दपुर, शिवकुटी इत्यादि गगा नदी के किनारे पर बसा है। जबकि कमला नेहरू अस्पताल, मूक बधिर केन्द्र, मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, स्वरूप रानी अस्पताल, जीरो रोड, बस स्टैण्ड और अन्य कई निजी भवन इस ढलवा भू-भाग पर स्थित हैं। चूँकि अधिकाश क्षेत्र शहरी ढाचे से ढका है अत सतह अपरदन की अत्यन्त कम सम्भावना है लेकिन गोविन्दपुर कालोनी के पास स्थित सलोरी नाला से लगा किनारा वृहद स्तर पर शीट अपरदन (Sheet Erosion) के खतरे से प्रभावित है। इस पर इलाहाबाद विकास प्राधिकरण और नगर निगम द्वारा अभी भी ध्यान नही दिया जा रहा है। जबकि ऊपरी क्षेत्र को इलाहाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किया जा रहा है। यद्यपि ढलवा भू-भाग का भू-सतह अधिकाशत ढाचे से ढका है। परन्तु बिना किसी उचित योजना के बसाई गयी बस्ती में सडक और नालों ने समस्या खडी कर दी है। पूर्व में गोविन्दपुर पर और पश्चिम में मोती लाल नेहरू इजीनियरिंग कालेज, हरिजन आश्रम के बीच का क्षेत्र तेलियरगज सलोरी नाला से निचला क्षेत्र बहुधा जलमग्न हो जाता है। निम्न आय वर्ग के लोगों द्वारा बिना किसी योजना के एव नगर निगम की अनुमति के बिना तीव्र गति से बसाया जा रहा है। इस स्थिति को यदि समय रहते नहीं रोका गया तो यह एक अनाधिकृत मलिन बस्ती के रूप में स्थापित हो जाएगा।

इस भू-भाग की औसत चौडाई लगभग 2 किमी0 है और यह क्षेत्र लगभग प्रतिवर्ष बाढ से डूब जाता है नई जलोढ मिट्टी वाली यह भूमि आवास बनाने योग्य नही है क्योंकि नीवों के धसकने और घरों के ढहने का खतरा बना रहता है। यह भू-क्षेत्र स्थानीय रूप से तराई कही जाती है

3 **घाटी क्षेत्र :-**

शहर को उत्तरी और पूर्व से घेरने वाली गगाघाटी लगभग 500 मीटर चौडी है। नदी तल समुद्र तल से 71 मीटर की औसत ऊँचाई पर स्थित है। घाटी केवल मानसून वर्षा के समय पर (जुलाई से सितम्बर) किनारों तक भरी रहती है, जब इसका प्रवाह 12000 से 58000 मीटर$^3$/सेकेण्ड मीटर प्रति सेकेण्ड हो जाता है। खतरे का जल स्तर 84 75 मीटर है और मध्यम बाढ स्तर 82 मीटर है। जल का आयतन अक्टूबर के बाद तीव्र गति से घट जाता है। इसके फलस्वरूप कई धाराओं का जाल सा बन जाता है। बीच-2 में बालू के सूखे स्थल दिखने लगते हैं। जब बाढ का पानी किनारों से बहने लगता है तब निचले क्षेत्र (शहर के उत्तर पश्चिम तरफ नया पूरा, म्योराबाद, राजापुर, सलोरी, बघाडा, हरिजन आश्रम और गोविन्दपुर के बीच का क्षेत्र) जलमग्न हो जाता है।

शहर के दक्षिण की ओर यमुना घाटी लगभग 700 मीटर चौडी है। यह समतल उच्च भू-भाग के स्तर से 20 मीटर गहरी है। परन्तु किले के समीप इसकी गहराई 24 मीटर तक हो जाती है। वर्षा के महीनों में प्रवाह 11000 से 47000 मी0$^3$/सेकेण्ड हो जाता है। परन्तु सूखे मोसम में घटकर 1000 मी0$^3$/सेकेण्ड रह जाता है। घाटी का बाया किनारा तीब्र ढाल वाला है, जबकि दाहिना किनारा कम ढाल वाला है। यह जलोढ मिट्‌टी से बना है जिसमें जाडों में रवी (गेहूँ, सरसों) फसलें बहुत अच्छी होती है। दूसरी तरफ गगा के बाए किनारे समतल वाढ के मैदान भुरभुरे रेत का है। लेकिन गर्मियों में अच्छी सब्जी और तरबूज पैदा होती है।

### 4 समतल निम्न भू-भाग :-

ढलवा भू-भाग और गगा घाटी के बीच में स्थित एक समतल परन्तु निम्न सतह जिसकी समुद्र तल से औसत ऊँचाई 75 मीटर है, यह निक्षेपित भू-भाग गगा नदी के पूर्व की ओर रास्ता बदल लेने के कारण विकसित हुआ है। यह भू-इकाई निम्न दो भागों में बटी है -

### (अ) आवासीय क्षेत्र :-

समतल निम्न भू-भाग का यह भाग एलनगज से नागवासुकी (बक्सी बाध) और दारागज से किला तक बधा है। इसमें अन्य

बस्तिया जैसे- अल्लापुर (भरद्वाजपुरम) बाघम्बरी गद्दी, सोहबतियाबाग, अलोपीबाग, जार्जटाऊन, दारागज आदि स्थित है। जब गगा नदी में बाढ का स्तर ऊँचा हो जाता है और गगा की ओर खुलने वाले नाले बन्द कर दिये जाते हैं तो यह निचली बस्तिया अक्सर जल से भर जाती हैं।

स्थैतिक भूमिगत जल स्तर 8 मीटर से 5 मीटर है। इस क्षेत्र का जल स्तर ऊँचा होने का कारण इसकी कम ऊँचाई है और जल धारणीय चिकनी मिट्टी की बनावट है। अल्लापुर बस्ती (अब घने रूप में बसी हुयी) की जमीन की स्थिति और भू-भाग के लक्षण बस्ती के योग्य नही है लेकिन यह बस्ती पिछले 44 वर्षो में बिना योजना और सरकारी स्वीकृति के बस गयी हैं। परिणामस्वरूप यहा के निवासी जलभराव, अस्वास्य कर स्थिति, भवनों की नीवों का धसना, भवनों में दरार पडना, घर ढहने इत्यादि की समस्या से ग्रसित रहते हैं।

**(ब) गैर अवासीय क्षेत्र :-**

गैर आवासीय क्षेत्र शहर के उत्तरी और पूर्वी सीमा पर स्थित है। इस भू-इकाई पर गैर आवासीय क्षेत्र धीमी गति से बस्ती में विकसित हो रहा है।

## 5 भूमिगत जल की स्थिति :-

अक्टूबर 1986 में मानसून के बाद भूमि सर्वे और कुओं में स्थित स्थाई भूमि जल स्तर मापने के आधार पर शहरी क्षेत्रों को तीन जोन में बाटा गया है।

**जोन न-1** जहा भूमि जल स्तर 0 8 मीटर से 5 मीटर तक है।

**जोन नं-2** जहा भूमि जल स्तर 5 0 मीटर से 10 मीटर तक है।

**जोन नं-3** जहा भूमि जल स्तर 10 मीटर से अधिक है।

सामान्य भूमि जल स्तर (0 8 मीटर) टैगोर टाउन के समीप से लेकर (16 20 मीटर) गोविन्द नगर में करवला चौराहे तक पाया जाता है। प्रथम जोन के अन्तर्गत समतल निम्न भू-इकाई जिसमें अल्लापुर, अलोपीबाग, बाघम्बरी, सोहबतियाबाग, तुलारामबाग, बैरहना, रामबाग, जार्ज टाउन, टैगोर टाउन आदि बस्तिया आती हैं। इन बस्तियों के घरों में उच्च जल स्तर के कारण कई समस्याए जैसे - फर्श और दीवार में नमी, नींव का धसकना इत्यादि आती है।

समतल उच्च भू-भाग में भूमिगत जलस्तर (10 मीटर से अधिक) जिसमें- चैथम लाइन, इलाहाबाद विश्व विद्यालय के कला एव विज्ञान सकाय, एलनगज, कर्नलगज, कटरा, चौक, सिविल लाइन्स, इत्यादि बस्तिया स्थित हैं। इन बस्तियों में भवनों की नीवों के लिए दृढ भूमि

प्रदान करती है। फर्श और दीवारों में नमी की समस्या न्यूनतम है।

## 6 भूमि सरचना और पाए जाने वाले पदार्थ :-

इलाहाबाद शहर की खडी काट उर्ध्वाधर काट प्रदर्शित करता है। भूतल से लेकर 12 से 20 मीटर की गहराई तक का भू पदार्थ क्ले, शिल्ट, और बालू के विभिन्न स्तरों से मिलकर बना है और तल पर ककड पैन स्थित है। जिसके पीछे भूमि तल से 80 से 90 मीटर की गहराई तक मध्यम से मोटे बालू का स्तर स्थित है सबसे निचला स्तर कठोर चिकनी पीली मिट्टी का बना है और आधार तल विन्ध्यन बलुआ पत्थर का बना है, जो यमुना तल में बकिर देवरिया गाव के निकट अनावृत्त है। समतल उच्च भू-भाग बहुमजिली इमारतों (सिविल लाइन्स चौराहे के निकट ग्यारह मजिला) के लिए आदर्श स्थिति प्रदान करता है क्योंकि भू पदार्थ बहुत ठोस है। बहुत सी गृह निर्माण के लिए अनुपयुक्त जहॉ कई अनियोजित एव बिना स्वीकृत छोटी कालोनिया या बस्तिया (अल्लापुर, सोहबतियाबाग, अलोपीबाग, मम्फोर्डगज) पिछले वर्षो में बस गयी हैं जहॉ पहले गड्ढे थे और उनको बाद में कूडा करकट से भर दिया गया है, उनमें दीवारों में दरार फटने लगती हैं। इन क्षेत्रों में बिना कमजोर नींव की परवाह किए निजी क्षेत्रों में और सरकारी क्षेत्रों में भी (इलाहाबाद विकास प्राधिकरण) बहुतसे मकानों का निर्माण कर लिया गया है। जार्ज टाउन एव टैगोर टाउन पुलिस थाने के नजदीक एक बडे तालाब को शहर

के कूडे कचरें से भर दिया गया है। एक ऐसा समय आएगा कि जब बहुत से मकान इस कूडे के ढेर पर बन जाएगे। हलाकि भौगोलिक दृष्टि से जार्ज टाउन बडे भवनों के बनाए जाने के लिए उपयुक्त नही हैं। क्योंकि वर्षाकाल में जल भराव की स्थिति नींव को कमजोर करता है।

भौतिक दशाओं में परिवर्तन हो जाने के कारण प्राचीन काल का परिदृश्य खींचना इस समय सम्भव नही है। इसके अतिरिक्त पुराने मानचित्र तथा अभिलेख उपलब्ध नही है। फिर भी यह ध्यान देने योग्य है कि बहुत से भौतिक परिदृश्य आदि काल में ही बदल चुके थे। शायद उस काल में जब गगा और यमुना नदी ने अपना वर्तमान रूप ग्रहण किया और सगम अपनी स्थिति को प्राप्त हुआ। 16वीं सदी में गगा पर बाध बन जाने से शहर का भौतिक परिदृश्य बहुत कुछ बदल चुका है। इसके फलस्वरूप गगा पूरब की तरफ काफी दूर तक बढ गई और रबी फसल के लिए उपजाऊ कछार बन गया है। परन्तु सन् 2002 में गगा नदी के पुन पश्चिम की तरफ आने से सम्पूर्ण कछार गगा नदी में समाहित हो गया है। जिसका विवरण आगे के अध्याय में दिया गया है।

**वर्तमान भौतिक स्थिति :-**

यह पहले ही कहा जा चुका है कि नगर का भौतिक परिदृश्य गगा और यमुना दो नदियों के द्वारा प्रभावित है। गगा यमुना के पूर्वी छोर पर दोआब है। समीप में ही दोनों नदियों के होने के कारण उन

नदियों द्वारा लाई गयी दोमट मिट्टी पर इलाहाबाद शहर का निर्माण हुआ। इसमें गगा का **'खादर'** एव **'बागर'** क्षेत्र आता है। पुरानी दोमट ठोस तथा ककड से बनी है और खादर की मिट्टी नदी की तलहटी से सटी हुयी है तथा बाढ में ऊपरी सतह टापू की तरह हो जाती है। सिविल लाइन्स अन्य खादर क्षेत्र से दूर ऊपरी सतह पर बसा है। खादर और बागर को बाटने वाला **'सुरवन गाव'** है।

शहर के पूर्वी छोर पर इन दोनों नदियों (गगा एव यमुना) के सगम से बडा सा कछार बन गया है जो समुद्र तल से 280 फीट ऊँचा है। दारागज, किला क्षेत्र उससे अलग तथा यमुना का ककरीला किनारा 290 फीट की ऊँचाई पर है। नीची सतह पर पैदावार होती है। एव ऊँची सतह पर सिविल लाइन्स, कटरा, कण्टोमेन्ट, कर्नलगज आदि बसा है। कण्टर मैप देखने से ज्ञात होता है कि यह सभी स्थान 300 फीट से ऊँचा है। इस समय सबसे ऊँचा स्थान सरोजनी नायडू एव नुरूला रोड का क्षेत्र है। यह 318 फीट ऊँचा है। एक अन्य ऊँचा स्थान, जी0टी0 रोड और नुरूल्ला रोड का जक्शन क्षेत्र है। जो खुशरूबाग के दक्षिण पूरब में है। ऊँची जमीन के निचले भाग में उत्तम कोटि की कछार भूमि है। उत्तर की दिशा में दोमट भमि राजापुर तथा बेली गाव की है। केवल पश्चिम को छोडकर जहा ससुर खदेरी नदी बहुत सी पतली धाराओं में बहती है, जिसमें कई नाले बन गये हैं। उस क्षेत्र की जमीन हल्की बलुई मिट्टी की है और इसमें नीचे ककड है। यह तेज बारिश होने पर दिखाई देता है।

**जल प्रवाह :-**

इलाहाबाद शहर का जल निकास तीन तरफ से नदियों से घिरा होने के कारण उत्तम है। पश्चिम भाग को कानपुर और म्योर रोड बाटती है। जल कटरा, कर्नलगज के बीच विश्व विद्यालय क्षेत्र से होकर बह जाता है। मानचित्र देखने से पता चलता है कि इलाहाबाद शहर क अधिकतर नाले गगा नदी में मिलते हैं। दक्षिण पश्चिम में शहर का जल-निकास, यमुना में चौखण्डी नाका, कुरैशपुर, चाचर, सादियापुर, दियारा तथा ससुर खदेरी नाला द्वारा होता है। इसी प्रकार उत्तर एव पश्चिम में गगा में विविध नालों द्वारा जल निकास होता है। पुराना एव नया कटरा क्षेत्र तथा मम्फोर्डगज के बीच में बडा नाला लाजपत राय रोड के समान्तर जा कर गगा में गिरता है। गगा में एक धारा चादपुर सलोरी में मिलती है। एलनगज तथा कानपुर क्षेत्र में प्रयाग स्टेशन नाला ढरहरिया के पास गगा में मिलता है।

सिविल लाइन्स, कर्नलगज, जार्जटाउन, टैगोर टाऊन आदि पूरे क्षेत्र का जल मोरी नाला में 3 ड्रेन से जाता है

**एक –** थार्नहिल और किला रोड से बहता है।

**दूसरा –** कैनिग रोड से बहता है।

**तीसरा** – रेलवे कालोनी से प्रारम्भ होकर सहरारा बाग साउथ मलाका रामबाग, बाई का बाग होकर बहता है।

यद्यपि नगर के बहुत बडे भाग का ड्रेनेज अच्छा है फिर भी नगर का दक्षिण पूर्वी भाग जो नीचा है का ड्रेनेज कुछ कम अच्छा है। यह नगर क्षेत्र गगा के बाढ के स्तर से भी नीचा है अत· स्थिति प्राय खराब ही रहती है। हलाकि यह क्षेत्र जल निकास की समस्या से ग्रस्त नही है फिर भी बरसात में जलभराव की समस्या से ग्रस्त हो जाएगा।

**वाढ् :–**

अब तक का सबसे ऊँचा बाढ स्तर 1875 ई0 तक है। उस समय जल स्तर 288 फीट हो गया था, यह खतरे के निशान से 10 फीट ऊपर था। उस समय बक्शी बाध टूटने से सम्पूर्ण दारागज लूथर रोड का क्षेत्रफल जलमग्न हो गया था। ठीक इसी तरह से यमुना के बाढ से अहियापुर और अतरसुइया का निचला क्षेत्र पानी में डूब गया था। 1948 ई0 की बाढ भी अभी तक लोगों के दिमाग से मिटी नहीं है। 7 सितम्बर 1948 ई0 में बाढ का स्त्र 1857 के बाढ के निशान को छूने की स्थिति में पहुच गया था। इन क्षेत्रों में जल-भराव के कारण जनता दु खी रहती थी।

इन सबके वाद 1996 में आयी बाढ ने एक बार पुन 1978 की बाढ को तरोताजा कर गयी। इस समय गगा नदी के पास बनी बस्तियों के लोगो के घरों में पानी छत तक पहुँच गया था। शोधकर्त्ता ने सन् 1996 की बाढ का स्वय घर-घर जाकर आकडा लिया था। अल्लापुर में भी सन् 1996 ई0 में आई बाढ के कारण स्थिति नारकीय हो गयी थी। इस बाढ की मुख्य समस्या थी जल निकास की उचित व्यवस्था का न होना। स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जल निकासी की समस्या से निबटने की एक कार्य योजना है जो कि स्वागत योग्य है।

## 2 3 अपवाह

किसी भी भू-भाग के अपवाह का सीधा सम्बन्ध उसके धरातल के स्वरूप एव सरचना से जुडा होता है। यहा तक कि उस पर धरातल की विशेषताओं का भी प्रभाव पडता है। इस सम्बन्ध में ***प्रो0 स्टैम्प*** (1962 ई0) का यह कथन बहुत ही प्रमाणिक और अनुकूल प्रतीत होता है- 'धरातल की सरचना और उसके स्वरूप में अत्यन्त निकट का सम्बन्ध होता है और वे धरातल के अपवाह को पूर्णत प्रभावित करते है।

अध्ययन क्षेत्र में अपने धरातलीय बनावट व स्वरूप के आधार पर एक प्रभावशाली अपवाह तत्र की व्यवस्था है जो गगा नदी और उसकी प्रमुख सहायक नदी यमुना से निर्मित है। अध्ययन क्षेत्र का सामान्य

ढाल पश्चिम या उत्तर पश्चिम से पूरब अथवा दक्षिण पूरब की ओर है। गगा नदी फाफामऊ के पास एक तेज मोड लेकर सीधे दक्षिण में प्रवाहित होने लगती है और इलाहाबाद के प्रसिद्ध किले के पास यमुना नदी से मिलकर पवित्र सगम का निर्माण करती है। सगम से गगा नदी दक्षिण-पूर्व दिशा में प्रवाहित होकर आगे बढती है सिरसा के पास टोंस नदी का जल इसमें समाहित होता है। सिरसा के पूर्व गगा नदी **विसर्प** का निर्माण कर प्रवाहित होती है। इलाहाबाद जनपद में गगा नदी का सम्पूर्ण विस्तार 125 किमी0 है। गगा नदी यमुना की अपेक्षा कम गहरी है परन्तु गगा के प्रवाह का वेग अधिक है जिसके कारण सगम से आगे बढने पर यमुना नदी के मिलने के पश्चात् भी अपने नाम को सुरक्षित रखती है। इसका जल स्तर बरसात के समय समुद्र तल से 85 34 मीटर और गर्मी में 27 24 मीटर ऊपर तक रहता है।

सूर्य की पुत्री के रूप में जानी जाने वाली यमुना नदी जो गगा की प्रमुख सहायक नदी है, दूसरी प्रमुख नदी है। यह नदी दक्षिण-पूर्व अैर पूर्व दिशा में बहती हुयी शहर की दक्षिणी सीमा का निर्धारण करती है। यह गगा नदी में किले के पास मिल जाती है। यमुना नदी गहरी और शात है। इसकी प्रमुख सहायक नदी ससुर खदेरी है जो दोआब क्षेत्र से जलग्रहण करके इलाहाबाद शहर के पश्चिम में यमुना नदी से आकर मिल

जाती है। यह नदी बरसात के समय जल से परिपूर्ण होती है। परन्तु ग्रीष्मकाल में सूख जाती है।

अन्य प्रमुख नदिया टोंस, बेलन सेवती आदि है जो अप्रत्यक्ष रूप से अध्ययन क्षेत्र के अपवाह को प्रदर्शित करती है। ये छोटी-छोटी नदिया अपना जल बडी नदियों में उत्सर्जित करती है। गगापार क्षेत्र की प्रमुख उपनदिया विश्नार, मनसैता, बैरगिया, अन्दुवा, वरूणा आदि है यह सभी अपना जल गगा में प्रवाहित करती हैं। इसी प्रकार यमुनापार क्षेत्र की प्रमुख उप नदिया वेलन, कपारी, कर्णावती, कनिहरा, भरूकी, सेवती, मझौका, डलहा, जोरा आदि है। ये सभी उपनदिया बरसात का अतिरिक्त जल बडी नदियों में पहुँचाती है जिससे क्षेत्र में जल-जमाव नही होने पाता है।

इस प्रकार इलाहाबाद उत्तर एव पूर्व में गगा नदी से, दक्षिण में यमुना नदी से और ससुर खदेरी नदी से जो कि यमुना प्रमुख सहायक नदी है, से पश्चिम में घिरा है। यह शहर गगा नदी के दाहिने किनारे पर एव यमुना नदी के बाए किनारे पर किनारे पर स्थित है। अध्ययन क्षेत्र की सर्वप्रमुख नदी गगा है। (चित्र- 2 4) गगा और यमुना का सगम क्षेत्र पहले पूर्व दिशा की ओर बढ रहा था परन्तु बाद में यह पश्चिम दिशा की ओर बढा लेकिन वर्तमान समय (सन् 2002 में) यह पुन अधिक तेजी से पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। शहर के सम्पूर्ण

A
ALLAHABAD DISTRICT
DRAINAGE
20 0 20 40
Km
N
GANGA RIVER
Sasur khaderi River
YAMUNA RIVER
R TONS
BELAN R
RIVER
PHYSIOGRAPHIC REGIONS
GANGAPAR
DOAB
YAMUNA
PAR
B
10 0 10
Km

चित्र : 2.4

दक्षिणी भागों में यमुना नदी के जल को परिष्कृत एव शुद्ध करके पेयजल के रूप में उपलब्ध कराया जाता है। इस तरह से यह दोनों नदिया प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से शहर को पेयजल उपलब्ध कराने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। अप्रत्यक्ष रूप में यह नदिया उप धरातलीय क्षेत्र में स्थित जलभरों में जल सचित कर देती है, जिससे लगातार वृद्धिमान शहर को पेयजल उपलब्ध होता है।

शहर में मौजूद 13 वृहद नाले जो कि शहर से निकल कर नदियों में गिरते है अरीय अपवाह प्रतिरूप को जन्म देते हैं। सीवर प्लाट नैनी के अनुसार शहर में कुल छोटे–बडे 57 नाले हैं।

इलाहाबाद शहर गगा जलोढ मैदान में स्थित है। शहर की सामान्य स्थलाकृति समतल है। यह शहर तीन ओर से गगा और यमुना नदी से घिरा है। गगा नदी पूरब में एव उत्तर में तथा यमुना नदी दक्षिण की तरफ है। मासिक वर्षा लगभग 4 8 मिमी0 (अप्रैल) से लेकर 333 4 मिमी0 (अगस्त) होती है। अधिकतम वर्षा जून से सितम्बर तक होती है। परन्तु सर्वाधिक वर्षा अगस्त में होती है। शहर का केन्द्रीय भाग ऊँचे स्तर का है। शहर का एक भाग उत्तर एव पूर्व की ओर दूसरा भाग दक्षिण एव दक्षिण पूर्व की ओर क्रमश गगा एव यमुना नदी की ओर है। कानपुर रोड से होकर वाटर शेड लाइन शहर को दो भागों में बाटती है।

सम्राट अकबर द्वारा बनवाए गए मिट्टी के दो बाध (बक्शी एव बेनी बाध) बने हैं। ये बाध न केवल गगा की धारा से अपरदन को रोकते है बल्कि शहर को बाढ से बचाते भी है। यमुना नदी की ओर तट ऊँचा है। अत इसके किनारे पर बाध नही बनाया गया है। परन्तु लोक निर्माण विभाग द्वारा 1948 ई0 में यमुना नदी पर बाढ के पानी से बचने के लिए दो छोटे-छोटे बाध बनाए गए। सन् 1978 ई0 में यमुना नदी का जल स्तर रिकार्ड 88 04 मीटर तक पहुँच गया। इस स्थिति से बचने के लिए शहर में सभी नदियों के तट को ऊँचा एव मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

अधिक वर्षा के मौसम में शहर का पानी निम्न प्राकृतिक नालों से होकर विभिन्न नदियों में गिरता है।

1 घाघर नाला

2 मोरी गेट नाला

3 राजापुर नाला

4 मम्फोर्डगज नाला

**वर्तमान व्यवस्था :-**

इलाहाबाद शहर में निम्न स्थानों पर चार स्थाई वर्षा जल (Stram Water) पम्पिग स्टेशन है। जिससे वर्षा के जल को पम्प किया जाता है।

| क्र स | पम्पिग स्टेशन | | विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **मोरी गेट** | (1) | 30 क्यूसेक के-3 पम्प | विद्युत चालित |
| | | (2) | 10 क्यूसेक के 1 पम्प | विद्युत चालित |
| | | (3) | 10 क्यूसेक के-7 पम्प | डीजल चालित |
| 2 | **वक्शी बाध** | (1) | 30 क्यूसेक के-3 पम्प | विद्युत चालित |
| | | (2) | 10 क्यूसेक के-5 पम्प | डीजल चालित |
| 3 | **चाचर नाला** | (1) | 20 क्यूसेक के 1 पम्प | विद्युत चालित |
| | | (2) | 10 क्यूसेक के-4 पम्प | डीजल चालित |
| | | (3) | 5 क्यूसेक के-4 पम्प | डीजल चालित |
| 4 | **मम्फोर्डगज** | (1) | 5 क्यूसेक के-1 पम्प | अस्थायी पम्प |
| | | (2) | 10 क्यूसेक के-2 पम्प | (प्रत्येक वर्ष स्थापित किए जाते है।) |

नगर निगम इलाहाबाद द्वारा शहर के अपवाह तत्र के सुधार के लिए वर्ष 1991-92 में 141 00 लाख रूपए का कार्य किया गया। परन्तु अभी तक कराए गए सभी कार्य पूर्ण रूप से शहर में जल भराव की समस्या को नही सुलझा पाए है। अत कम उपलब्ध ससाधनों का उचित उपयोग करने के लिए एक विस्तृत अपवाह तत्र की योजना

विभिन्न चरणों में लागू करने की आवश्यकता है।

निम्नलिखित सारणी में प्रस्तावित कार्य एव लागत का विवरण दिया जा रहा है :-

**पहला चरण :-**

| क्र स | कार्य विवरण | लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | बेनी बाध की ओपनिंग की पुर्नरचना | 70 00 |
| 2 | मोरी गेट पर नए स्यूलिस गेट | 90 00 |
| 3 | मोरी गेट पर भारी वर्षा जल | 100 00 |
| 4 | विद्युत विरतण लाइन | 50 00 |
| 5 | मोरी नाला और अल्लापुर जलग्रहण क्षेत्र में नाले की मरम्मत | 400 00 |
| | योग - | **710 00** |
| **दूसरा चरण :-** | | |
| 1 | मम्फोर्डगज पम्पिग स्टेशन, पम्पिग प्लाट एव अन्य कार्य | 140 00 |
| 2 | राजापुर पम्पिग स्टेशन एव आवश्यक अन्य कार्य | 990 00 |
| 3 | चाचर नाला में पम्पिग स्टेशन एव प्लाट का कार्य | 45 00 |
| 4 | गेट न 13 में पम्पिग स्टेशन एव प्लाट की मरम्मत | 35 00 |
| | योग :- | **1310 00** |
| | महा योग - | **2020 00** |

उपर्युक्त दिए गए प्रस्ताव में प्रथम चरण के प्रस्ताव को अधिक प्राथमिकता देनी होगी क्योंकि इससे शहर का लगभग 36% भाग लाभान्वित होगा। इन कार्यों के पूरा होने पर अल्लापुर, टैगोर टाउन आदि क्षेत्रों की अपवाह समस्या सुलझ सकती है। एव इन्हें अस्वास्थ्यकर वातावरण से मुक्ति मिल जाएगी।

दूसरा चरण राजापुर, मम्फोर्डगज, बलुआघाट, कटघर, चौखण्डी, यमुना नदी के किनारे से डूबने से बचाने के लिए आवश्यक है। यह क्षेत्र भारी वर्षा वाले हैं और यह स्थिति कभी-कभी ही आती है। इस प्रस्ताव को दूसरी प्राथमिकता देनी चाहिए।

**इलाहाबाद शहर में नालों की वर्तमान अपवाह व्यवस्था :-**

इलाहाबाद शहर में वर्षा के दिनों में वर्षा के जल की स्थायी और अस्थायी पम्पिग स्टेशन तथा छ· मुख्य नालों से निकलने वाले जल की व्यवस्था इस प्रकार है –

| क्र स | पम्पिग स्टेशन | डीजल चालित पम्पिग प्लान्टों की सख्या एव क्षमता | विद्युत मोटर चालित पम्पिग प्लान्टों की सख्या एव क्षमता | विद्युत एव मोटर चालित प्लाटो की कुल सख्या | गेट बन्द होने का लेवल (मीटर में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मोरीगेट | 10 क्यूसेक x 7 नग | 10 क्यूसेक x 3 नग<br>5 क्यूसेक x 1 नग | 105 क्यूसेक | 81 37 |
| 2 | चाचर नाला | 10 क्यूसेक x 4 नग<br>5 क्यूसेक x 5 नग | 20 क्यूसेक x 3 नग | 85 क्यूसेक | 83 10 |
| 3 | बक्शी बाध | 10 क्यूसेक x 5 नग | 30 क्यूसेक x 3 नग | 140 क्यूसेक | गेट नहीं |
| 4 | मम्फोर्डगज | 10 क्यूसेक x 2 नग<br>5 क्यूसेक x 3 नग | | 35 क्यूसेक | 84 00 |
| 5 | गेट न 9 | 5 क्यूसेक x 1 नग<br>3 क्यूसेक x 1 नग | - | 8 क्यूसेक | 82 70 |
| 6 | गेट न 12 | 12 क्यूसेक x 2 नग | - | 10 क्यूसेक | 81 90 |

| 7 | ई सी सी | 1 क्यूसेक x 2 नग<br>075 क्यूसेक x 2 नग | | 3 5<br>क्यूसेक | 82 70 |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | गेट न 1 से 5 | 2 क्यूसेक x 2 नग<br>1 5 क्यूसेक x 1 नग<br>1 क्यूसेक x 2 नग<br>0 75 क्यूसेक x 2 नग | | 9<br>क्यूसेक | 82 70 |

**वर्षा ऋतु में जल जमाव से प्रभावित इलाहाबाद शहर का क्षेत्र -**

1 लेबर चौराहा

2 मटियारा रोड

3 बाघम्बरी रोड

4 सोहबतियाबाग

5 टैगोर टाउन (आशिक)

6 जार्ज टाउन

7 हाशिमपुर (आशिक)

8 चौखण्डी

9 खलासी लाइन

10 कृष्णा नगर

11 नवलराय का तालाब

12 कूपर रोड

13 स्ट्रैची रोड

14 राजापुर नेवादा

15 सूरज कण्ड

**इलाहाबाद शहर में अपवाह व्यवस्था की आवश्यकता:-**

1 नगर में वर्षा ऋतु में होने वाले जल भराव का उचित ढग से निस्तारण।

2 लोगो को जल-जमाव के कारण होने वाली बीमारियों से बचाना।

3 नगर के वातावरण को दूषित होने से बचाना।

4 अच्छी एव साफ-सुथरी व्यवस्था करना।

5 लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त कराना।

6 नव निर्मित आवासीय भवनों के समीप अच्छी व्यवस्था करना आदि।

**शहर में समुचित व्यवस्था न हो पाने का कारण:-**

1 शहर में बनने वाली नयी आवासीय कालोनियों में अपवाह की समुचित व्यवस्था नही है।

2 शहर में खुले क्षेत्र में मकानों का बनना एव तालाबों आदि को मिट्टी आदि से पाट दिया जाना।

3 क्षतिग्रस्त नालों की मरम्मत न होना।

4 नालों की सही एव समुचित सफाई न हो पाना।

5 वित्तीय ससाधनों का अभाव।

**अपवाह व्यवस्था का नियोजन :-**

किसी भी शहर को साफ एव सुथरा रखने तथा जल के उचित निस्तारण हेतु एक नियोजन प्रणाली का होना आवश्यक होता है। नियोजन के द्वारा शहर की अन्य व्यवस्था भी सही रहती है। इलाहाबाद शहर में नालों की अपवाह व्यवस्था को नियोजन की दृष्टिकोण से छ स्टार्म वाटर जोन में बाट गया है। प्रत्येक जोन के कैचमेण्ट क्षेत्र, डिस्चार्ज तथा रेनफाल का विवरण इस प्रकार है।

**प्रथम चरण :-**

| क्र स | पम्पिग स्टेशन का नाम | कैचमेन्ट क्षेत्र (हेक्टेअर में) | डिस्चार्ज (क्यूसेक में) | रेनफाल (मिमी0)/घटा) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मोरी गेट | 1279 | 12 | 19 |
| 2 | मम्फोर्ड गज | 259 | 12 | 4 |
| 3 | राजापुर | 184 | 12 | 2 9 |
| 4 | चाचर नाला | 127 5 | 12 | 1 9 |
| 5 | गेट न0 9 | 56 7 | 12 | 0 85 |
| 6 | गेट न0 13 | 16 2 | 12 | 0 24 |

**द्वितीय चरण :-**

| क्र स | कार्य विवरण | लागत (लाख रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | मम्फोर्डगज पम्पिग स्टेशन एव अन्य कार्य | 60 00=80 00=140 00 |
| 2 | राजापुर | 40 00=50 00=90 00 |
| 3 | चाचर नाला | 55 00=45 00=100 00 |
| 4 | गेट न 9 | 15 00=30 00=45 00 |
| 5 | गेट न 13 | 20 00=15 00=35 00 |
| | **योग =** | 190 00=220 00=410 00 |

## 2.4 जलवायु

प्राकृतिक कारकों में धरातलीय सरचना के बाद जलवायु का ही महत्वपूर्ण स्थान होता है। इसके द्वारा कृषि के विभिन्न प्रकार एव स्वरूप निर्धारित एव नियत्रित होते हैं और उनका सह सन्तुलन भी बदल जाता है। अध्ययन क्षेत्र इलाहाबाद शहर की जलवायु **'उष्ण मानसूनी'** जलवायु के अन्तर्गत आती है। यहा गर्मी के मौसम में अधिक गर्मी और सर्दी के मौसम में सामान्य सर्दी तथा वर्षा ऋतु अधिक सुहावनी होती है। इस प्रकार अध्ययन क्षेत्र में तीन स्पष्ट मौसम परिलक्षित होते हैं।

1 ग्रीष्म ऋतु - मार्च से मध्य जून तक।

2 वर्षा ऋतु - मध्य जून से अक्टूबर तक।

3 शीत ऋतु - नवम्बर से फरवरी तक।

**1 ग्रीष्म ऋतु :-**

अध्ययन क्षेत्र में तापक्रम वृद्धि मार्च से प्रारम्भ हो जाती है परन्तु मई का महीना सर्वाधिक शुष्क और उष्ण होता है। इस दौरान अधिकतम तापमान का औसत 46 $5^0$ से0 तथा न्यूनतम तापमान 7 0 से0 रहता है। (चित्र- 2 5) दिन के समय गर्म, शुष्क और धूल भरी पहुआ हवा (लू) गर्मी को और तीव्र तथा कष्टदायी बना देती है। शहर के दक्षिणी भाग में पथरीली चट्टानों की उपस्थिति के कारण हवाएँ अत्यधिक गर्म हो जाने से अनिश्चित दिशा में बहने लगती हैं। इन पवनों को **'लू'** कहते हैं। ये हवाए मध्य जून के बाद प्राय· समाप्त हो जाती है। अधिकतम तापमान का दैनिक औसत जून माह में 39 $8^0$ से0 और न्यूनतम 28 $9^0$ से0 पाया जाता है। ऐसी स्थिति अगस्त माह तक बनी रहती है। इसके बाद दिन के तापमान में धीरे-2 वृद्धि होने लगती है तथा रात्रि के तापमान में क्रमशः कमी होती जाती है। अक्टूबर माह तक रात्रि और दिन के तापमान में गिरावट की प्रवृत्ति देखने को मिलती है। अभी तक का सबसे अधिक तापमान 47 $8^0$ से0 12 जून 1901 में अंकित किया गया, जबकि सबसे कम तापमान 1 $1^0$ से0 2 फरवरी 1905 को अंकित किया गया था।

# इलाहाबाद नगर में समताप रेखाएँ

मापा गया तापमान

दिनांक : 3-6-2001

समय : 1.50 P.M

मानचित्र संख्या

**फनी पार्कस** के शब्दों में - ग्रीष्म ऋतु आने के बाद इलाहाबाद छोटा नर्क हो जाता है। मार्च में औसत $76^0$ F जबकि मई में $93^0$ F तापमान हो जाता है। लू की गति शहर में 35-40 मील प्रति घटा रहती है। कार्य तथा स्वास्थ्य की दृष्टि से मौसम अनुकूल नही है। इस मौसम में शहर में मच्छरों की बढोत्तरी भी हो जाती है परन्तु गर्मी बढते ही लू से समाप्त हो जाते है।

गर्मी धूल भरी आधी एव बिजली की गरज चमक गर्म मौसम की पहचान है।1943 एव 1950 में क्रमश· 70 मील/घटा एव 100 मील/घटा की गति से आधी इलाहाबाद शहर में आयी थी। यह प्राय दोपहर बाद साय को आती है। कभी-कभी ग्रीष्म ऋतु में इनसे हल्की वारिस हो जाती है और मौसम ठडा हो जाता है।

**2. शीत ऋतु -**

इलाहाबाद शहर में अक्टूबर शीत ऋतु के आगमन का प्रतीक होता है। तापमान नवम्बर दिसम्बर में औसत रहता है जनवरी में सबसे कम/औसत तापमान - $60^0$ से $70^0$ F रहता है। उच्चतम औसत $80^0$ एव निम्नतम औसत $40^0$ F रहता है। 20 जनवरी के आस-पास तापमान $36^0$ F तक गिर जाता है। इसी समय उत्तर पश्चिम हिमालय में बर्फ गिरती है। तब इलाहाबाद में शीत लहर चलती है। शीत ऋतु में कुछ समय बादलों से भरा मौसम बाधक होता है। यह शायद पश्चिम हवाओं

के कारण होता है। डा0 दूबे का मानना है कि यह भू-मध्य सागर से ईरान होते हुए आते हैं। फिर भी यह निश्चित है कि इलाहाबाद शहर जनवरी में ठडी हवाओं की वारिश से प्रभावित होता है एव इस समय लगभग 0 75'' वर्षा हो जाती है।

**वर्षा ऋतु :-**

इलाहाबाद में वर्षा का मौसम आधी-धूल से प्रारम्भ होता है। कुछ दिन धूल-आधी के बाद बरसात प्रारम्भ हो जाती है। बरसात के शुरू होते ही तापमान गिर जाता है। जुलाई में तापमान-$86^0$ F हो जाता है। मई में $94^0$ F तक। मासिक वर्षा लगभग- 4 8 मिमी0 (अप्रैल) से लेकर 333 4 मिमी0 (अगस्त) होती है। अधिकतम वर्षा जून से सितम्बर माह तक होती है। परन्तु सर्वाधिक वर्षा अगस्त माह में होती है।

इलाहाबाद में वर्षा मापन के केन्द्र भी बने है। वर्षा ऋतु में हवा में काफी आर्द्रता होती है परन्तु वर्षा की सामाप्ति के उपरान्त आर्द्रता में अपेक्षाकृत कमी आ जाती है। न्यूनतम आपेक्षिक आर्द्रता-20-30% अप्रैल माह में रहती है। जबकि अगस्त माह में सर्वाधिक सापेक्षिक आर्द्रता - 95% होती है। मानसून काल में लगभग 88% वार्षिक वर्षा जून से अक्टूबर माह के मध्य प्राप्त होती है। वर्षा पूर्णत मानसून पवनों की सक्रियता पर निर्भर करती है। ये पवनें कभी विलम्ब से कभी पहले आ

जाती हैं। किसी वर्ष तो मानसूनी पवनें बहुत पहले ही अपना कार्य समाप्त कर देती है। कभी-2 देर तक वर्षा जारी रखती हैं।

सक्षेप में यदि इलाहाबाद शहर की जलवायु को देखे तो यह शहर मानसूनी जलवायु के अन्तर्गत आता है। कर्क रेखा के उत्तर में स्थित होने के कारण शहर पर सूर्य की किरणें कभी भी लम्बवत् नहीं पडती है।

शहर का औसत वार्षिक तापमान 25 25$^0$ से ग्रे है। जबकि अधिकतम वार्षिक तापमान 46 5$^0$ से ग्रे0 एव न्यूनतम वार्षिक तापमान 7 0$^0$ से ग्रे होता है।

इलाहाबाद शहर में औसत वार्षिक वर्षा - 92 39 से ग्रे

सापेक्षित आर्द्रता - जुलाई-अगस्त 95%

मई-जून 17%

दक्षिण पश्चिम ग्रीष्म मानसून के समय वर्षा युक्त हवा शहर के उत्तरी सिरे से आकर भारी वर्षा करती हैं। यह वर्षा एडवेक्शनल होती है। 150 मीटर की समोच्च रेखा जो प्रायद्वीप भारत से उत्तर भारत को विभाजित करती है के कारण यहा जाडों में कुछ उच्चावचकृत वर्षा हो

ALLAHABAD DISTRICT
TEMPERATURE AND PRESSURE
A
TEMPERATURE IN °F
AIR PRESSURE IN Cms
TEMPERATURE
PRESSURE
J F M A M J J A S O N D
MONTHS
HYTHERGRAPH OF ALLAHABAD
C
TEMPERATURE IN °C
RAINFALL IN mm
TEMPERATURE AND RAINFALL
B
RAINFALL IN mm
TEMPERATURE IN °C
MAXIMUM
AVERAGE
MINIMUM
MONTHS
TEMPERATURE AND RELATIVE HUMIDITY
D
TEMPERATURE IN °C
RELATIVE HUMIDITY IN %
TEMPERATURE
HUMIDITY
MONTHS

जाती है। शहर की सूक्ष्म नगरीय जलवायु दशाए इसके परिधि कीजलवायु दशाओं से मेल नही खाती हैं।

शहर के उत्तर पूर्व क्षेत्र में 8 किमी0 लम्बा बालू का क्षेत्र होने से एव शहर में बने पक्के मकानों से होने वाले सौर्य विकरण के कारण शहर का तापमान गर्मी (जून) में 45 5 से ग्रे तक हो जाता है। इसी बालू क्षेत्र में जाडों में (दिसम्बर) लम्बी रातों के कारण होने वाले दीर्घ विकिरणों के कारण तापमान 5 $0^0$ से ग्रे से भी कम हो जाता है।

सूक्ष्म जलवायुवीय रूप से इलाहाबाद शहर के ऊपर कुछ **'प्रदूषण गुम्बद'** और **'उष्मा द्वीप'** बन जाते हैं। जो कि प्रयाग रेलवे स्टेशन, इलाहाबाद जक्शन, रामबाग, एव विभिन्न बस अड्डों, टैक्सी स्टैण्डों (गोविन्दपुर, कचहरी, तेलियरगज, मानसरोवर) पर स्थित होते है। मुख्य यातायात मार्ग के ऊपर स्थित प्रदूषण रेखा से यह प्रदूषण गुम्बद जुडे हुए है। नैनी औद्योगिक क्षेत्र के ठीक ऊपर भी एक बृहद प्रदूषण गुम्बद स्थित है। और यह प्रदूषण–गुम्बद रेखा और उष्मा द्वीप शहर के तापमान को स्थानीय रूप से बढा देते हैं जिससे शहर की वायु प्रदूषित हो जाती है। हवा चलने के समय इनका प्रभाव कम रहता है। इलाहाबाद में तापमान एव वायुदाब, तापमान एव वर्षा, तापमान एव सापेक्षिक आर्द्रता आदि का अकन भी किया गया है। (चित्र–2 6)।

2 5 मिट्टी:-

मनुष्य के लिए मिट्टी प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि मिट्टीयाँ भारतीय कृषक की अमूल्य सम्पदा हैं जिस पर देश का सम्पूर्ण कृषि उत्पादन निर्भर करता है। अमेरिकी मृदा विशेषज्ञ **डा0 बैनेट** के अनुसार- "मिट्टी भूपृष्ठ पर मिलने वाले असगठित पदार्थो की वह ऊपरी पर्त है जो मूल चट्टानों अथवा वनस्पति के योग से बनती है।" मिट्टियों का निर्माण जलवायु तथा चट्टानों के विखण्डन के फलस्वरूप होता है। जिसमें अनेक प्रकार के रासायनिक एव जैविक तत्व पाए जाते हैं। परिणामस्वरूप विभिन्न जलवायु में विभिन्न चट्टानों से बनी मिट्टियों में न तो एकरूपता ही पायी जाती है न ही उसकी उर्वरा शक्ति ही एक सी होती है। मिट्टी चट्टानों और खनिजों के दीर्घकालीन अपक्षय से बनती हैं। (वसु-1973 पृ01)। इस प्रकार मिट्टी प्राकृतिक शक्तियों तथा प्राकृतिक पदार्थो से निर्मित प्राकृतिक पदार्थ है (तम्हाणें - 1964, पृष्ठ-2)।

अध्ययन क्षेत्र की मिट्टी तीन भागों में विभक्त है।

1 कडी और चूनायुक्त ऊपरी बागड मिट्टी।

2 महीन काप युक्त खादर मिट्टी, जो तराई या कछार या नाला क्षेत्र में पायी जाती है।

3 नवीन खादर मिट्टी, जो प्रति वर्ष वाढ के द्वारा नवीनीकृत होती रहती है। यह खादर मिट्टी बहुत ही उपजाऊ होती है। इस पर कछारी क्षेत्र में रवी की फसल उगाई जाती है।

प्रतिवर्ष आने वाली बाढ से खादर मिट्टी पर खरीफ की फसल नही होती है। रवी की फसल के समय शहर हरे और पीले फूलों से घिर जाता हैं (सरसों का फूल)। इसके ठीक विपरीत बागर मिट्टी पूर्णत नगरीय आबादी वाले क्षेत्रों के अन्तर्गत आती है। सिवाय छावनी क्षेत्र के शहर के उत्तरी हिस्से में जो कि ढरहरिया एव मम्फोर्डगज के बीच स्थित है। शहर की तराई और निकटवर्ती क्षेत्र की मिट्टी नगरीय गदगी से प्रदूषित हो जाती है। लगभग 15 से0मी0 मोटा नगरीय कूडा का जमाव कार्यगत तहसील के चाका ब्लाक में स्थित डॉडी गाव में पाया गया। इन स्थानों पर उगाई जाने वाली सब्जिया जो कि बेली अस्पताल के पीछे एव नैनी में स्थित है, प्रदूषित हो जाती है।

प्रादेशिक मृदा परीक्षण अनुसधानसाला कृषि विभाग, उ0प्र0 इलाहाबाद के एक अप्रकाशित रिपोर्ट में सरचना व सगठन के आधार पर इलाहाबाद की मिट्टियों को अधोलिखित भागों में बाटा गया है - (चित्र- 2 7 )

1 ऊपरी गगा क्षेत्र की मिट्टी।

2 समतल गगा क्षेत्र की मिट्टी।

3 गगा खादर एव नवीन जलोढ मिट्टी।

4 यमुना खादर या नवीन जलोढ मिट्टी।

5 यमुना के समतल क्षेत्र की मिट्टी।

6 गहरी काली मिट्टी।

7 खादर या जलोढ मिट्टी।

**1. ऊपरी गंगा क्षेत्र की मिट्टी :-**

इस प्रकार की मिट्टी मुख्य रूप से गगापार क्षेत्र और द्वाब क्षेत्र में विस्तृत है। यह मिट्टी शहर के पश्चिमी भागों में पायी जाती है। (चित्र 2 7) यह मिट्टी प्राचीनतम जलोढ एव बलुई दोमट से निर्मित है। इस मिट्टी का रग भूरे या लाल भूरे रग का होता है। इस क्षेत्र की मिट्टी में कैल्शियम, जैविक पदार्थो तथा नाइट्रोजन की कमी पायी जाती है। उर्वरकों के प्रयोग द्वारा इस मिट्टी को अत्यधिक उपजाऊ बनाया जा सकता है। इस क्षेत्र में गेहूँ, जौ, दलहन तथा गन्ने की कृषि पर्याप्त मात्रा में की जाती है।

# इलाहाबाद नगर : मिट्टियाँ

संकेत

Ganga uplands

Ganga Flats

Ganga Khadar and recent Alluviums

Yamuna Khadar and Alluviums

Yamuna Flats

Heavy Black

Khadar Lands

चित्र : 2.7

## 2 समतल गगा क्षेत्र की मिट्टी :-

गगा की नवीन जलोढ मिट्टी के किनारे-किनारे मिट्टी पश्चिम से पूर्व की ओर फैली हुई है। इस मिट्टी का विस्तार इलाहाबाद शहर के उत्तरी भाग में है। इस प्रकार की मिट्टी में दो पर्ते पायी जाती हैं - ऊपरी पर्त का निर्माण दोमट या बलुई दोमट मिट्टी से हुआ है। परन्तु निचली पर्त का निर्माण मटियार नामक मिट्टी से बना है। इस क्षेत्र की मिट्टी का रग लाल से भूरे लाल रग का है। इसमें क्षारीयता और कैल्शियम आदि तत्वों की प्रधानता पायी जाती है। इस प्रकार की मिट्टी उपजाऊ होती है। कार्बनिक खाद के उपयोग के द्वारा इसमें ज्वार, बाजरा, अरहर, गेहॅ, चना, और गन्ने की कृषि की जा सकती है, परन्तु चावल की कृषि फायदेमन्द नही है।

## 3 गगा खादर और नवीन जलोढ मिट्टी :-

**गगा खादर :-** इस प्रकार की मिट्टी का विस्तार मुख्य रूप से गगा नदी के बाढ प्रभावित क्षेत्रों में है। इस मिट्टी का निर्माण गगा नदी द्वारा लाए गए अवसादों के जमाव से होता है। खादर क्षेत्र की चौडाई पूर्व से पश्चिम दिशा में कम होती जाती है। जहॉ गगापार क्षेत्र में इसका विस्तार 16 किमी0 के लगभग है वहीं द्वाब क्षेत्र में इसकी चौडाई मात्र 3 किमी0 रह जाती है। इस प्रकार की मिट्टी में जल धारण करने की क्षमता कम होती है। खादर मिट्टी में कैल्शियम की मात्रा 1 से 2% होती है। इसमें रबी

की फसल अच्छी होती है जिसमें गेहूँ, जौ तथा दलहन प्रमुख फसलें ह। नदी के किनारे जहा पर बालू की परत जमा होती है उनमें अधिक सरन्ध्रता के कारण पानी निचली तहों में चला जाता है और पौधों में नही प्राप्त हो पाता। किन्तु भूमिगत जल की सतह ऊँची होने पर खरबूज, तरबूज, ककडी और सब्जिया इन क्षेत्रों में बहुतायत से उत्पन्न की जाती है। खादर क्षेत्र में उर्वरक का प्रयोग कर उसकी उत्पादन क्षमता को बचाए रखा जा सकता है।

**नवीन जलोढ मिट्टी**:–

गगा नदी के सहारे खादर मिट्टी के समानान्तर एक पतली मिट्टीकी पेटी पायी जाती है। जिसे 'जलोढ मिट्टी' के नाम से जाना जाता है। गगा के किनारे का निचला क्षेत्र जो वाढ से प्रतिवर्ष प्रभावित हो जाता है और सिल्ट के नवीन जमाव से समृद्ध हो जाता है गगा के 'नवीन जलोढ' के नाम से जाना जाता है। इस प्रकार की मिट्टी को दोमट या **लूमी मिट्टी** के नाम से जाना जाता है। इस प्रकार की मिट्टी में बाढ की समाप्ति के पश्चात् दरारें स्पष्ट रूप से दिखाई पडती हैं, जो बाद में बरसात के समय समाप्त हो जाती है। इस प्रकार की मिट्टी में कार्बन ओंर नाइट्रोजन के तत्व कम मात्रा में पाए जाते हैं। यह मिट्टी अत्यधिक उपजाऊ होती है। इसमें रवी और खरीफ की फसलें उगायी जाती है।

## 4 यमुना खादर एव नवीन जलोढ मिट्टी :-

**यमुना खादर :-** गगा खादर मिट्टी के समान ही यमुना नदी के बाढ प्रभावित क्षेत्र में अवसादों के जमाव से यमुना खादर मिट्टी का निर्माण होता है। इस प्रकार की मिट्टी में ककड तथा मोटे काले बालूकी प्रधानता होती है।इनका रग लाल या भूरे रग का होता है। इनका मुख्य उपयोग गृह निर्माण कार्य में होता है। इस क्षेत्र के अन्तर्गत इलाहाबाद शहर का दक्षिणी भाग आता है। जो यमुना नदी के दोनो तरफ विस्तृत है। जहाँ कहीं बालू के साथ मटियार दोमट मिट्टी का जमाव पाया जाता है, वहाँ कृषि कार्य सम्पादित किया जाता है।

**नवीन जलोढ़ मिट्टी (यमुना द्वारा अवक्षेपित) :-**

यमुना नदी द्वारा अपने बाढ प्रभावित क्षेत्रों में प्रतिवर्ष सिल्ट और मटियार दोमट मिट्टी का जमाव किया जाता है जिसे नवीन जलोढ मिट्टी के नाम से जाना जाता है। यह मिट्टी बहुत पतली पेटी के रूप में यमुना खादर मिट्टी के सहारे विस्तृत है। ससुर खदेरी नदी के सगम के पास यह पट्टी अत्यधिक विस्तृत है। ऊपरी क्षेत्र में मटियार मिट्टी की ही प्रधानता है। यह मिट्टी अत्यधिक उपजाऊ है। इसका रग साधारण तथा काला होता है। इसमें मुख्य रूप से खरीफ के मौसम में ज्वार, बाजरा, अरहर और रवी के मौसम में गेहूँ, जौ, चना, मटर आदि फसलें और सब्जी की कृषि की जाती है।

5 यमुना के समतल क्षेत्र की मिट्टी -

जिस क्षेत्र में यह मिट्टी पायी जाती है वह पूर्णतया समतल है। इस प्रकार की मिट्टी का क्षेत्र यमुना खादर के सहारे अरैल के समीप पायी जाती है। इस प्रकार की मिट्टी की सरचना में चिकनी दोमट और मटियार मिट्टी की प्रधानता है। इसका रग लाल भूरा या गहरे भूरे रग का है। इसके आधार में विन्ध्यन क्रम की चट्टानें भी पायी जाती है। इस तरह की मिट्टी में ज्वार-बाजरा, चना-सरसों, और मक्के की कृषि होती है। सिचाई की सुविधा वाले क्षेत्रों में धान और सब्जी भी उगाई जाती है।

6 गहरी काली मिट्टी :-

यह मिट्टी शहर के अन्दर नही पायी जाती है। यह यमुना पार क्षेत्र में शहर के बाहरी भागों में पायी जाती है। यह टुकडो के रूप में अनेक स्थानों पर पायी जाती है। सरचना और सगठन के आधार पर इस मिट्टी का गठन दोमट और क्षार युक्त मिट्टी से हुआ है। (जोशी-1968 पृ0-100) जो पुराने जलोढ मिट्टी का भाग है। इस मिट्टी का रग लौहाश की उपस्थिति के कारण काले रग का पाया जाता है। इस क्षेत्र में छोटे-2 टीले पाए जाते हैं। उन्हीं के मध्य यह काली मिट्टी पायी जाती है। सिचाई के अभाव में इस मिट्टी में कृषि कार्य सम्पादित नही हो

पाता है। परन्तु जहा पर नहरें तथा सिचाई के अन्य ससाधन उपलब्ध हैं, वहॉ चावल, ज्वार, बाजरा, चना, मक्का आदि फसलें पैदा की जाती हैं। कहीं-कहीं कपास का भी उत्पादन होता है।

**7 खादर या जलोढ मिट्टी :-**

चित्र से स्पष्ट है कि यह मिट्टी शहर के बिल्कुल पश्चिमी भाग में ससुर खदेरी नदी के आस-पास पायी जाती है। यह नदी एव इसकी सहायक अन्य उपनदिया भी अपने प्रवाह क्षेत्र में सिल्ट और अवसाद का जमाव करती हैं। जिन्हें खादर या जलोढ मिट्टी कहते हैं। इस प्रकार की मिट्टी की सरचना का मुख्य आधार पार्श्ववर्ती मिट्टी की सरचना और रग पर आधारित है।

## 2 6 प्राकृतिक वनस्पति

भौगोलिक और आर्थिक दृष्टि से प्राकृतिक वनस्पतियों का महत्वपूर्ण स्थान होता है। ये मुनष्य के जीवन पर प्रत्यक्ष एव परोक्ष रूप से प्रभाव डालती है। वनों से प्राप्त उत्पादों से आर्थिक समृद्धि होती है। प्राकृतिक वनस्पतियों से सरक्षी कार्य भी सम्पादित होता हैं - ये मृदा अपरदन को कम करती हैं, जल के प्रवाह को नियत्रित करती है, जीव तथा वनस्पति जगत के आनुवशिक सचय को समृद्ध बनाती है और जलवायु को मृदु बनाती है। राष्ट्रीय वन नीति 1988 में जीवन व्यापन तत्र

को बनाए रखने में वनों के योगदान पर बल दिया गया है। वन रोपण क उद्देश्यों में से एक उद्देश्य यह भी है कि – पर्यावरणीय स्थिरता तथा वायु मण्डलीय साम्यावस्था को शामिल करते हुए पारिस्थितिकीय सतुलन को बनाए रखने का निश्चित प्रयास हो, क्योंकि ये सब समस्त जीवरूपों मानव, पशु और पौधों के निर्वाह के लिए आवश्यक है। प्रत्यक्ष आर्थिक लाभ की प्राप्ति इस प्रमुख उद्देश्य की प्राप्ति के बाद ही होनी चाहिए।

अध्ययन क्षेत्र में इलाहाबाद शहर जो कि उप-आर्द्र उष्ण कटिबध में स्थित हैं में उपोष्ण पर्णपाती वन पाए जाते हैं। लेकिन शहर में नगरीयकरण के कारण व्यापक वनस्पति का ह्रास हुआ है। फिर भी चन्द्रशेखर आजाद पार्क, खुशरो बाग, कम्पनी बाग, नेहरूपार्क आदि हरा शहर होने की झलक देते हैं। शहर में स्थित अधिकाश बगीचे जो रामबाग, सोहबतियाबाग, में स्थित थे अब वनस्पति विहीन कर दिए गए हैं। नदी घाटी के अवस्थित होने के कारण हरित पेटी की अवधारणा व्यवहारिक नही है। और वस्तुत पर्यावरणीय दृष्टि से इसकी कोई आवश्यकता भी नहीं है। शहर का मध्य भाग वनस्पतियों से भरा पडा है जिसे आप इदिरा भवन जो कि सिविल लाइन्स में स्थित है के छठे, सातवें तल से स्पष्ट देखा जा सकता है। शहर के उत्तरी भाग में स्थित छावनी परिसर को पर्यावरणीय दृष्टि से स्वस्थ्य रखता है। सामाजिक वानिकी के द्वारा शहर में मुख्य सडकों के किनारे पौधे लगाए गए हैं। शहर के तराई क्षेत्र में मानव

द्वारा रवी की फसल जैसे-गेहूँ, जौ, आलू, चना, मटर आदि उगाई जाती हे। जबकि गगा की तराई क्षेत्र में जायद की फसल जैसे तरबूज, खरबूज, खीरा इत्यादि मार्च से जून तक उगाया जाता है।

इलाहाबाद शहर प्राकृतिक एव मानवीय प्रयासों के कारण $CO_2$ की बढत सीमित करने में कामयाब है, जिससे तापमान की नियत्रित रहता है। $CO_2$ जो गाडी, उद्योग, और गृह उद्योगो से निकलती हे उसे तत्काल शहर का मानव निर्मित वनस्पति अवशोषित कर लेता है।

वन विभाग ने जगलों की समाप्ति को रोकने तथा नई वनस्पतियों को उगाने के लिए कई योजनाए बनाई है। एतदर्थ समूचे अध्ययन क्षेत्र को कई रेंजों में बाटा गया है। सामाजिक वानिकी विभाग, उत्तर प्रदेश, जनपद में प्राकृतिक वनस्पतियों की सुरक्षा तथा परिवर्धन के लिए कार्यरत है। वन विभाग क्षेत्रों में सामाजिक वानिकी ने विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत सडकों के किनारे रेल पटरियोंके किनारे वृक्षारोपण किया है, जिससे कि जगल क्षेत्र का विकास हो और पर्यावरण का सुधार हो सके। वन विभाग लोगों को वृक्षारोपण को बढावा देने के लिए नि शुल्क पौधों को बाटता है। मिट्टी का परीक्षण करता है और मिट्टीको उपजाऊ बनाने की विधियों का सुझाव देता है।

परन्तु जन सख्या के अत्यधिक दबाव, कृषि योग्य भूमि के

ह्रास द्वारा नगरीकरण औद्योगीकरण तथा आवागमन एव सचार के साधना क विकास के कारण वन क्षेत्र दिनों-दिन सिकुडता ही जा रहा है। इससे शहर में ईधन और इमारती लकडी का अभाव, भूमि क्षरण, नदियों एव नालों में तलछट का जमाव और बाढ की समस्या ही उभर कर नही आयी हे, बल्कि समूचा पर्यावरणीय सतुलन अस्त-व्यस्त हो रहा है, जिससे मानव क अस्तित्व को गम्भीर खतरा उत्पन्न होने की सम्भावना है।

भारत सरकार ने देश की वन-सम्पदा को पुन विकसित करने के उद्देश्य से 'सामाजिक वानिकी' की महत्वाकाक्षी योजना को क्रियान्वित किया है। आशा है इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण स स्थानीय जनता की मौलिक आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकेगी, तथा यह मृदा अपरदन तथा पर्यावरणीण प्रदूषण को रोकने में भी सहायक सिद्ध होगा।

अध्याय 3

# गंगा एव यमुना अपवाह तन्त्र तथा उनकी उपशाखाएँ

## 3 1 आकारमिति (Morphometry)

